पौष कृष्णा - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 160 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- | बेंगलूरु » गुरुवार » 04-01-2024 | ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 विराट कोहली की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी

6 लुई ब्रेल : जिसने नेत्रहीनों के लिए शिक्षा के द्वार खोले

7 केजरीवाल हों या हेमंत सोरेन, हर 'भ्रष्ट नेता' को सजा मिलेगी : भाजपा




## फर्स्ट टेक

### पाकिस्तान कर रहा सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना : विश्व बैंक

**इस्लामाबाद/वार्ता।** विश्व बैंक के दो अधिकारियों ने कहा है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब अपने सबसे खराब संकटों में से एक का सामना कर रही है और इसके लिए उन्होंने खराब नीति विकल्प, निम्न मानव विकास परिणाम और प्रति व्यक्ति आय वृद्धि में गिरावट सहित कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रायसर और पाकिस्तान के लिए बैंक के कंट्री निदेशक नेजी बेन्हासिन ने 'गहरे, निरंतर' सुधारों का आह्वान किया और कहा, अल्पकालिक सुधारों और बाहरी वित्तपोषण के साथ उलझने का विकल्प जोखिम भरा है और इसे पूरा करना बहुत कठिन है। पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया आउटलेट डॉन में एक हस्ताक्षरित लेख में दोनों अधिकारियों ने कहा कि गरीबी दर में निरंतर गिरावट की सराहनीय लंबी अवधि के बाद, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब इसके सबसे बुरे संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा, खराब नीति विकल्प, झटकों की एक श्रृंखला के साथ संयुक्त – कोविड –19, 2022 की विनाशकारी बाढ़ और प्रतिकूल वैश्विक परिस्थितियों के कारण विकास धीमा हो गया, गरीबी बढ़ गई और देश कर्ज चूक के कगार पर पहुंच गया।

### रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेनी मिसाइलों को किया नष्ट

**मास्को/वार्ता।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने यहां के बेलगोरोड क्षेत्र के खिलाफ यूक्रेनी सेना द्वारा लॉन्च की गई छह तोचका–यू मिसाइलों और छह विल्खा मिसाइलों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, आज सुबह कीव शासन द्वारा विल्खा मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम और टोचका–यू सामरिक मिसाइल परिसरों का उपयोग करके रूस में लक्ष्यों पर आतंकवादी हमला करने का एक और प्रयास विफल कर दिया गया। वायु रक्षा प्रणाली ने बेलगोरोड क्षेत्र में छह तोचका–यू मिसाइलें और छह विल्खा एमएलआरएस मिसाइलों को नष्ट कर दिया है।

| 04-01-2024 सूर्यास्त | 05-01-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:06 बजे | 6:43 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 71,356.60 | 21,517.35 |
| (-535.88) | (-148.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### मुस्काया काश्मीर

सेबों के ओठों पर लाली,
घाटी में हँसने लगे बाग।
तिर गए शिकारे छेड़ तान,
झीलों में गूंजी नई राग।
केसर घुल रहा वादियों में,
अलगावी बुझने लगी आग।
उतरेगा स्वर्ग धरा पर फिर,
मिट जायेंगे सब दर्द दाग।।

**अडानी-हिंडनबर्ग विवाद**

## जांच सेबी से हटाकर एसआईटी को सौंपने की याचिका खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने अडानी–हिंडनबर्ग विवाद की जांच भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) से हटाकर विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जांच किसी अन्य एजेंसी को सौंपने का कोई आधार नहीं है।



पीठ ने पहले से जांच कर रही विशेषज्ञ समिति के सदस्यों के खिलाफ हितों के टकराव के आरोप को भी निराधार बताया। उन आरोपों को खारिज करते हुए सेबी को तीन महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया।

पीठ की ओर से फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सेबी के नियामक ढांचे में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। उन्होंने कहा कि सेबी ने 22 में से 20 मामलों में जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, हम सेबी को अन्य दो मामलों में तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं।

### सत्यमेव जयते : अडाणी



**नई दिल्ली/भाषा।** अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी ने हिंडनबर्ग विवाद पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। अडाणी ने बुधवार को शीर्ष अदालत का फैसला आने के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि 'सचाई की जीत' हुई है और उनका समूह भारत की वृद्धि की कहानी में योगदान देना जारी रखेगा। अडाणी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, न्यायालय का फैसला दिखाता है कि सचाई की जीत हुई है। ''सत्यमेव जयते।

## 'इंडि' गठबंधन का साझा एजेंडा है भाजपा को हराना : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**त्रिशूर/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बजाते हुए राज्य के विकास के लिए कई परियोजनाओं को लागू करने में बाधाएं पैदा करने के लिए कांग्रेस और वाम दलों पर हमला बोला।

त्रिशूर शहर के मध्य में विशाल थेक्किंकडु मैदान में महिलाओं की एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि इंडि गठबंधन का भाजपा को हराने का एक साझा एजेंडा है। उन्हें देश को आगे ले जाने में कोई रुचि नहीं है। कांग्रेस और वामपंथी दोनों ही आम लोगों के लिए लाभकारी किसी भी



विकासात्मक परियोजना को लागू करने में रुचि नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे राजमार्ग हों, हवाई अड्डे हों या रेलवे हों, राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने अपने भाषण का अधिकांश समय अपनी सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकासों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस ने कभी भी महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के बारे में नहीं सोचा। यह भारतीय जनता पार्टी सरकार ही थी जो संसद में बिल पास कराने में सफल रही। वाम दल ने सबरीमाला मुद्दे पर लोगों और त्रिशूर पूरम प्रेमियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

### लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**कावारत्ती/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की शुरुआत यहां एक समारोह में की गई जिसमें सैकड़ों द्वीपवासियों ने हिस्सा लिया। इसमें कोच्चि–लक्षद्वीप द्वीप पनडुब्बी ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन (केएलआई – एसओएफसी) परियोजना शामिल है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने अगस्त 2020 में लाल किले पर अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में की थी।

## श्रमजीवी ट्रेन विस्फोट कांड के दो अन्य दोषियों को भी सुनाई गई फांसी की सजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जौनपुर (उप्र)/भाषा।** जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने जुलाई 2005 में जिले के हरपालगंज रेलवे स्टेशन के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में हुए बम विस्फोट के मामले में आरोपी दो और लोगों को बुधवार को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पाण्डेय ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार राय की अदालत ने 28 जुलाई 2005 को जौनपुर के सिंगरामऊ के हरपालगंज रेलवे स्टेशन के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में हुए विस्फोट के मामले में बांग्लादेश के मूल निवासी हिलाल उर्फ हिलालउद्दीन और नाफिकुल विश्वास को सजा–ए–मौत सुनाई। उन्होंने बताया कि अदालत ने दोनों पर पांच–पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन बम विस्फोट कांड में कुल 14 लोगों की मौत हुई थी तथा 62 अन्य घायल हो गए थे।

जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में बांग्लादेश के ही रहने वाले आलमगीर तथा लश्कर–ए–तैयबा के आतंकवादी उबैद–उर–रहमान को भी अगस्त

### एक मिनट में 16 लाख साइबर हमले हुए जी 20 की वेबसाइट पर

**नई दिल्ली/वार्ता।** पिछले वर्ष सितम्बर में देश में जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी–20 सम्मेलन की वेबसाइट पर हर एक मिनट में 16 लाख साइबर हमले किये गये लेकिन देश की सुरक्षा एजेन्सियों ने इन सभी हमलों को नाकाम कर दिया। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई 4 सी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने बुधवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश में गत सितम्बर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण आयोजन जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी–20 की वेबसाइट पर हर एक मिनट में 16 लाख साइबर हमले किये गये। उन्होंने कहा कि भारतीय एजेन्सियों ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि जब से यह वेबसाइट शुरू हुई थी इस पर साइबर हमले शुरू हो गये थे लेकिन जैसे जैसे सम्मेलन की तारीख नजदीक आयी इनकी संख्या बढती चली गयी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान साइबर हमलों की संख्या प्रति मिनट 16 लाख तक पहुंच गयी हालाकि उन्होंने तकनीकी कारणों का हवाला देकर न कुल हमलों की संख्या बतायी और न ही यह बताया कि ये हमले कहां से किये गये थे।

## राम भक्तों को दशकों पुराने झूंठे केसों में फंसा रही है कांग्रेस सरकार : विहिप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक की काँग्रेस सरकार श्री राम जन्म भूमि आंदोलन के समय दर्ज किये गए झूठे मुकदमों को पुनर्जीवित करने का षडयंत्र रच रही है।

विहिप के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र जैन ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि कर्नाटक



में कांग्रेस की सरकार द्वारा 30–35 वर्ष पुराने मामलों को, जिनके अंदर आरोपित अनेक व्यक्तियों की मृत्यु भी हो चुकी है और अधिकांश की आयु 70 से 80 वर्ष के बीच में है, उन्हें फँसाया जा रहा है। क्योंकि वे मामले झूठे थे, कुछ सरकारों ने बाद में वापस भी लिए। आज उनको दोबारा से पुनर्जीवित कर के उन कार्यकर्ताओं को, जो जीवित बचे हैं, दोबारा से गिरफ्तार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा,इन सब कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर के कांग्रेस सरकार आखिर क्या सिद्ध करना चाहती है? उन्होंने कहा कि 10 हजार से अधिक मामले उस समय झूठे तौर पर दर्ज किए गए थे। वो उन सब को पुर्नजीवित कर, कर्नाटक के हिंदू समाज में भय का माहौल पैदा करना चाहती है। क्या यही कांग्रेस का असली चेहरा है?

### देश में कोविड के उपस्वरूप जेएन.1 के अब तक कुल 511 मामले सामने आए

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में कोविड–19 के उपस्वरूप जेएन.1 के अब तक कुल 511 मामले सामने आ चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से सबसे अधिक मामले कर्नाटक से सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक से 199, केरल से 148, गोवा से 47, गुजरात से 36, महाराष्ट्र से 32, तमिलनाडु से 26, दिल्ली से 15, राजस्थान से चार, तेलंगाना से दो और ओडिशा व हरियाणा से एक–एक मामला सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने

**'अवैध' खनन मामले में**

## ईडी के झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार, अन्य के परिसरों पर छापे

**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने झारखंड में कथित अवैध खनन में धन शोधन की जांच के तहत राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार, साहिबगंज जिले के अधिकारियों और एक पूर्व विधायक के परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में कई स्थानों समेत राज्य की राजधानी रांची और राजस्थान में एक परिसर पर धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत केंद्रीय एजेंसी छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारी सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज के जिलाधिकारी, पूर्व विधायक पप्पू यादव, जेल विभाग के कुछ अधिकारियों और एक पुलिस कांस्टेबल के परिसरों की तलाशी ले रहे है।



## जापान में भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**टोक्यो/वार्ता।** जापान के इशिकावा प्रान्त में आए शक्तिशाली भूकंप में बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हो गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, मध्य जापान और उसके आसपास के क्षेत्र में कई शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 10:54 बजे



नोटो प्रायद्वीप में आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गई। इशिकावा प्रान्त में नोटो प्रायद्वीप पर करीब 10 किमी की गहराई में सोमवार को तेज भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। इनमें से एक प्रारंभिक तीव्रता 7.6 थी।

**गोगामेड़ी हत्याकाण्ड**

### एक और गिरफ्तार, राजस्थान व हरियाणा में एनआईए की छापेमारी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले महीने जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के एक प्रमुख संदिग्ध को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने इस सिलसिले में राजस्थान और हरियाणा में 31 स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि राजस्थान के झुंझनू में छापेमारी के बाद अशोक कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जो इस मामले में नौवां आरोपी है।

## पाकिस्तान में पांव जमाने की कोशिश कर रहा आईएसआईएस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/भाषा।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में बड़ी संख्या में तहरीक–ए–तालिबान आतंकवादियों की आमद के बीच पाकिस्तान के सामने इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की ओर से भी खतरा बना हुआ है जो देश में अपने पांव जमाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान के गृह



मंत्रालय ने यह बात कही। मंत्रालय की ओर से सीनेट को अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की बढ़ती गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिबंधित समूह के खिलाफ तालिबान नीत अंतरिम अफगान सरकार की निष्क्रियता के बारे में भी सीनेट को बताया गया।

गृह मंत्रालय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में 2022 की शांति वार्ता के दौरान टीटीपी के नए सिरे से संगठित होने और उसकी गतिविधियों में विस्तार के बारे में सूचना साझा की जिसने अपनी आतंकी गतिविधियों को बढ़ा दिया है।

## जनरल सुलेमानी की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में दो धमाके, 103 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तेहरान/दुबई/एपी।** ईरान के करमान शहर में बुधवार को हुए दो धमाकों में कम से 103 लोगों की मौत हो गई जबकि 188 घायल हुए हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। मीडिया ने बताया कि 2020 में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में



ये धमाके हुए। इस हमले को ईरान में 1979 में हुई इस्लामी क्रांति के बाद सबसे घातक आतंकवादी हमला माना जा रहा है। अबतक इस हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

करमान शहर राजधानी तेहरान से 820 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में है। अधिकारियों ने कहा कि बाद में भागते समय कुछ लोग घायल हो गए।

एजेंसी ने बताया कि ये धमाके रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कुद्स फोर्स के प्रमुख रहे जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर करमान में उनकी कब्र के करीब आयोजित एक कार्यक्रम में हुए।



# केरल के तृश्शूर में भाजपा के महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तृश्शूर (केरल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला सम्मेलन में भाग लेने के लिए केरल के तृश्शूर शहर पहुंचे तो उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जनरल हॉस्पिटल जंक्शन से कार्यक्रम स्थल तक प्रधानमंत्री के लगभग दो किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान सड़क के दोनों ओर उत्साही भाजपा समर्थकों सहित हजारों लोग कतार में खड़े थे।

लक्षद्वीप में विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से कुट्टनाल्लोर स्थित हेलीपैड पर पहुंचे। वहां से, उनका काफिला तृश्शूर के हॉस्पिटल जंक्शन तक गया, जहां उन्होंने एक रोड शो शुरू किया।

अपराह्न 3.40 बजे शुरू हुए रोड शो में प्रधानमंत्री एक खुले वाहन में सवार होकर सड़क के दोनों किनारे खड़ी भीड़ की ओर हाथ हिला रहे थे। विशेष रूप से युवा, मोदी की एक झलक पाने और उनका अभिवादन करने के लिए बहुमंजिला इमारतों की छतों और बालकनी में जमा हो गए।

केरल की पारंपरिक शॉल ओढे मोदी ने खुले वाहन से सड़क के दोनों ओर मौजूद भीड़ का अभिवादन किया। सजी हुई खुली जीप में प्रधानमंत्री के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन, अभिनेता से भाजपा नेता बने सुरेश गोपी और राज्य महिला मोर्चा की अध्यक्ष निवेदिता सुब्रमण्यन भी थीं।

प्रधानमंत्री के पहुंचते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल बरसा कर और नारे लगाकर उनका स्वागत किया। अभिवादन पर मोदी ने लोगों की ओर मुस्कुराते हुए हाथ हिलाया।

# ट्रक चालक काम पर लौटे, एक-दो दिन में हालात हो जाएंगे सामान्य: एआईएमटीसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** 'हिट एंड रन' के नए और सख्त कानून के खिलाफ हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया है और एक-दो दिन में हालात सामान्य हो जाएंगे। ट्रक चालक संघ अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एआईएमटीसी ने मंगलवार को सरकार के इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी ट्रक चालकों से अपनी हड़ताल खत्म करने की अपील की कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए जेल और जुर्माने के सख्त प्रावधानों को लागू करने का निर्णय संघ के साथ परामर्श के बाद लिया जाएगा। 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए कड़े प्रावधानों का मुद्दा उठाने के लिए एआईएमटीसी के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला से मुलाकात की थी।

एआईएमटीसी के महासचिव एन के गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया था... हड़ताली चालक काम पर वापस आ रहे हैं और एक या दो दिन में सामान्य परिचालन बहाल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर ट्रक चालकों की हड़ताल नए कानूनों पर एक सहज प्रतिक्रिया थी और चालकों को अब चिंता करने की ज़रूरत नहीं है और उन्हें काम में शामिल होना चाहिए और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान देना चाहिए। कुछ ट्रक, बस और टैंकर संचालकों ने 'कड़े दंड' प्रावधानों के विरोध में कई राज्यों में सोमवार को तीन दिन की हड़ताल शुरू की थी।

भारतीय दंड संहिता की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाएं करने वाले और अधिकारियों को सूचित किए बिना भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है।

ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में ऐसे मामलों में सजा का प्रावधान दो साल था।

पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में मंगलवार को ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण पेट्रोल पंप जल्द खाली होने की आशंका के कारण मोटर चालकों की लंबी कतारें देखी गईं। पंजाब में बुधवार को पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य हो रही थी, जहां ईंधन की आपूर्ति शुरू हो गई है।




# ट्रासंपोर्ट यूनियन ने 'हिट एंड रन' मामलों पर नए कानून के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देशभर की विभिन्न ट्रांसपोर्ट यूनियन ने हिट-एंड-रन मामलों पर नए कानून के खिलाफ बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। 'ऑल दिल्ली ऑटो -टैक्सी ट्रांसपोर्ट यूनियन' के अध्यक्ष किशन वर्मा ने कहा, हमने जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इन कानूनों में परिवारों को तबाह कर देने की शक्ति है और ये मृत्युदंड के समान हैं। चालक जानबूझकर लोगों को नहीं कुचलते हैं। उन्होंने कहा, कभी-कभी वे लोगों द्वारा हमला किए जाने के डर से घटनास्थल से भाग जाते हैं। देशभर की ट्रांसपोर्ट यूनियन इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

वर्मा ने कहा कि सरकार को इन कानूनों को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित पक्षों से संपर्क करना चाहिए था।

'उत्तर प्रदेश ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन' के प्रदर्शनकारी दिनेश कुमार ने कहा, हाल में बनी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में कठोर प्रावधान हैं, वे हिट एंड रन मामले में 10 साल की कैद या सात लाख रुपए जुर्माना लगाते हैं। बमुश्किल एक चालक को प्रतिमाह 7000 से 10000 रुपए की तनख्वाह मिलती है, ऐसे में वह इतना बड़ा जुर्माना कैसे चुका पाएगा।

ट्रक चालकों ने बीएनएस के खिलाफ प्रदर्शन किया था लेकिन आश्वासन के बाद मंगलवार को अपनी हड़ताल खत्म कर ली थी।

'ऑल इंडिया भाईचारा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन' के अध्यक्ष सोम दत्त ने कहा कि एक चालक डर के मारे मौके से भाग जाता है। उन्होंने कहा, भीड़ द्वारा बुरी तरह पीटे जाने की कई घटनाएं अतीत में सामने आईं। सरकार को तत्काल यह कानून वापस लेना चाहिए।

## राम मंदिर में दर्शन के लिए मुझे किसी के न्योते की जरूरत नहीं: दिग्विजय सिंह

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर में दर्शन के लिए उन्हें किसी व्यक्ति के न्योते की जरूरत नहीं है क्योंकि भगवान राम उनके हृदय में बसते हैं। क्या सिंह को 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है?

इस सवाल का सीधा जवाब ना देकर उन्होंने इंदौर में कहा, ''मुझे भगवान राम के दर्शन के लिए किसी के न्योते की जरूरत नहीं है। भगवान राम हमारे हृदय में हैं। उन्होंने दावा किया कि ईवीएम के प्रति जनता में धीरे-धीरे अविश्वास बढ़ता जा रहा है और ईवीएम के सॉफ्टवेयर और चिप तकनीक को लेकर उठ रहे सवालों पर चुनाव आयोग के रवैये से शंकाओं में इजाफा हो रहा है। ईवीएम के मुद्दे पर मुलाकात के लिए चुनाव आयोग विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं को पिछले छह महीने से समय नहीं दे रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि बड़ी तादाद में विपक्षी सांसदों को संसद से इस ''कसूर'' के लिए निलंबित कर दिया कि उन्होंने संसद की सुरक्षा में चूक की घटना पर गृह मंत्री शाह से सदन में बयान देने की मांग की थी।

# लद्दाख में स्थानीय निकाय चुनाव परिसीमन के बाद होंगे: उपराज्यपाल मिश्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लेह/भाषा।** लद्दाख के उपराज्यपाल बी डी मिश्रा ने बुधवार को कहा कि इस केंद्रशासित प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों एवं पंचायतों के चुनाव विभिन्न वार्ड के परिसीमन के बाद होंगे। लद्दाख में दो नगर निगम-- लेह और कारगिल तथा 193 पंचायत हैं। लेह और कारगिल नगर निगम में 13-13 वार्ड हैं तथा कारगिल में 98 और लेह में 95 पंचायत हैं। इन स्थानीय निकायों का पांच साल का कार्यकाल पिछले साल नवंबर में पूरा हो गया था।

यहां उपराज्यपाल सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) मिश्रा निर्देश दिया कि वार्ड का परिसीमन यथाशीघ्र पूरा किया जाए ताकि इस क्षेत्र में नगर निगम और पंचायत चुनाव कराए जा सकें। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह बैठक विकास कार्यों को करने में विभिन्न विभागों के सामने आ रहे मुद्दों के साथ-साथ मौजूदा परियोजनाओं और जन शिकायतों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। बैठक के प्रारंभ में ही उपराज्यपाल ने विभागीय सचिवों एवं विभागों के प्रमुखों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि जनकल्याणकारी कदमों के क्रियान्वयन में कोई विलंब न हो। उपराज्यपाल ने अनुबंधित और आउटसोर्स संबंधी कर्मियों को समय से वेतन के भुगतान के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बैठक में बताया कि वह चिकित्सा, अभियांत्रिकी और डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना, कारगिल में एयरफील्ड के विस्तार, आकाशवाणी (कारगिल) को मजबूत बनाने आदि से संबंधित मामलों को विभिन्न मंत्रालयों और संस्थाओं के सामने उठायेंगे।

# इस साल एशिया-प्रशांत के उभरते बाजारों में आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी: फिच

**नई दिल्ली/भाषा।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि वर्ष 2024 में मजबूत बनी रहेगी और भारत समेत कई उभरते बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने 'एपीएसी क्रॉस-सेक्टर आउटलुक 2024' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत और इंडोनेशिया समेत समग्र एशिया-प्रशांत (एपीएसी) के उभरते बाजारों में बैंक क्षेत्रों के लिए परिदृश्य वर्ष 2024 में सुधार की तरफ अग्रसर है। यह आंशिक रूप से मजबूत आर्थिक पृष्ठभूमि को दर्शाता है। फिच ने कहा, एशिया प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि आम तौर पर 2024 में मजबूत रहेगी जो पूरे क्षेत्र के क्षेत्र के नजरिये को समर्थन देगी। उम्मीद है कि भारत, इंडोनेशिया, फिलीपीन और वियतनाम में वास्तविक जीडीपी में पांच प्रतिशत या उससे अधिक की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही रेटिंग एजेंसी ने चीन का प्रदर्शन ज्यादातर देशों के मानकों से मजबूत रहने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में भी यह क्रमशः 7.8% और 7.6 प्रतिशत रही है।

# अनुराग ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू से कहा, केंद्र से प्राप्त राहत को स्वीकार करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हमीरपुर/भाषा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि केंद्र की ओर से हिमाचल प्रदेश को पर्याप्त राहत प्रदान की गई है, लेकिन आश्चर्यजनक बात है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा इस बात को स्वीकार नहीं किया गया।

ठाकुर ने यहां एक समारोह से इतर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हिमाचल प्रदेश से बहुत लगाव है और उन्होंने राज्य को एम्स, आईआईआईटी, राष्ट्रीय राजमार्ग, केंद्रीय विश्वविद्यालय और रेलवे जैसे संस्थान दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को झूठे आरोप लगाने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और देखना चाहिए कि संकट के दौरान उन्होंने लोगों के लिए क्या किया है।

मंत्री ने कहा कि जिन लोगों को राम मंदिर उद्घाटन के लिए अयोध्या में आमंत्रित किया गया है केवल उन्हें ही जाना चाहिए, क्योंकि 22 जनवरी को एक व्यवस्थित कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए अयोध्या जाने की व्यवस्था की जाएगी और भविष्य मेंभी लोगों को अयोध्या जाने का मौका दिया जाएगा।

## एसबीआई ने ईएसजी वित्तपोषण के लिए विदेशों से एक अरब डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को कहा कि उसने घरेलू ईएसजी वित्तपोषण बाजार के लिए एक अरब डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपए) का कोष जुटाया है।

एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक ने सिंडिकेटेड सामाजिक कर्ज के जरिये एक अरब डॉलर (75 करोड़ डॉलर और 25 करोड़ डॉलर का ग्रीन शू विकल्प) जुटाने का काम पूरा कर लिया है।

बैंक ने कहा कि यह लोन बुक दो जनवरी, 2024 को बंद कर दी गई। देश के सबसे बड़े बैंक ने पिछले साल भी एक अरब डॉलर का सिंडिकेटेड सामाजिक कर्ज जुटाया था।

इस कोष का इस्तेमाल घरेलू पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) वित्तपोषण बाजार की जरूरतों को पूरा करने में किया जाएगा। यह धनराशि तीन साल और पांच साल की अवधि वाले दो कर्जों के जरिये जुटाई गई है।

# आदमपुर सिविल हवाई अड्डा अगले महीने खुलने की उम्मीद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जालंधर/वार्ता।** बहुप्रतीक्षित आदमपुर सिविल हवाई अड्डा फरवरी 2024 में चालू होने की उम्मीद है क्योंकि सांसद सुशील कुमार रिंकू ने बुधवार को इस हवाई अड्डे को आम जनता के लिए खोलने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के समक्ष इस मुद्दे को उठाया। रिंकू ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने उन्हें सूचित किया है कि आदमपुर हवाई अड्डे का सिविल टर्मिनल यात्रियों की मेजबानी के लिए तैयार है और एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के यहां सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार होने के बाद यह चालू हो जाएगा।

सांसद ने केंद्रीय मंत्री से इस हवाई अड्डे से उड़ान सेवाओं को तुरंत बहाल करने का अनुरोध किया था क्योंकि यह दोआबा क्षेत्र के हजारों यात्रियों की जरूरतों को पूरा करेगा, जिसे एनआरआई हब के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि यहां हवाई अड्डे के टर्मिनल को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। 125 करोड़ और प्रतिदिन 300 यात्रियों की व्यस्ततम क्षमता के साथ यात्रियों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार। उन्होंने उल्लेख किया कि हवाई अड्डा इस औद्योगिक शहर के व्यापारिक समुदाय की आकांक्षाओं को भी पंख प्रदान करेगा; इसलिए आदमपुर हवाई अड्डे से जल्द उड़ानें फिर से शुरू करना समय की मांग थी। वह अंतरराष्ट्रीय छात्रों और इस क्षेत्र के एनआरआई समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस नागरिक हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने का मुद्दा भी उठाते हैं।



# नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, जंगल में शावकों की आवाज गूंजी। यह जानकारी साझा कर खुशी हो रही है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान तीन नए सदस्यों का स्वागत कर रहा है। शावकों को नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने जन्म दिया है। उन्होंने इस घटना क्रम को 'परियोजना चीता की शानदार सफलता करार दिया जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पारिस्थितिकी संतुलन बहाल करने के लिए की थी।

यादव ने पोस्ट किया, परियोजना से जुड़े सभी विशेषज्ञों, कूनों राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों और पूरे देश के वन्यजीव प्रेमियों को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

इससे पहले मार्च 2023 में मादा चीता सियाया ने चार शावकों को जन्म दिया था, लेकिन एक ही शावक जिंदा बच पाया। सियाया का नाम बाद में ज्वाला रखा गया था। ज्वाला को भी नामीबिया से लाकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाया गया था।

# नागरिकता का आधार नहीं हो सकता धर्म : कांग्रेस नेता मनीष तिवारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को कहा कि जिस देश के संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता निहित है, वहां धर्म नागरिकता का आधार नहीं हो सकता। इससे पहले एक अधिकारी ने कहा कि संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लोकसभा चुनावों की घोषणा से ''काफी पहले'' अधिसूचित किया जाएगा।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए सीएए के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों- हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई-को भारत की नागरिकता प्रदान की जाएगी। दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित होने और बाद में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सीएए के नियमों को लोकसभा चुनाव की घोषणा से ''काफी पहले'' अधिसूचित किया जाएगा। सरकारी अधिकारी की टिप्पणी पर मीडिया की एक खबर को संलग्न करते हुए तिवारी ने कहा, जिस देश के संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता निहित है, क्या धर्म नागरिकता का आधार हो सकता है, चाहे वह भौगोलिक सीमाओं के दायरे में हो या उनसे बाहर? इसका जवाब नहीं है।

पंजाब से सांसद तिवारी ने कहा, दिसंबर 2019 में जब मैंने लोकसभा में सीएए विधेयक के विरोध का नेतृत्व किया तो यह मेरे तर्क का केंद्र बिंदु था। यह उच्चतम न्यायालय के समक्ष चुनौती में मुख्य प्रश्न है। उन्होंने कहा, काल्पनिक रूप से- कल कोई सरकार यह तर्क दे सकती है कि धर्म नागरिकता का आधार होगा, यहां तक कि क्षेत्रीय रूप से भी जन्म स्थान या भारत के संविधान या नागरिकता अधिनियम में नागरिकता के लिए अन्य मानदंड नहीं होगा।

तिवारी ने कहा कि हमारे पड़ोस में धार्मिक उत्पीड़न से निपटने के लिए उचित वर्गीकरण के नाम पर, उन्हें उम्मीद है कि किसी अन्य ''कपटपूर्ण सांचे'' के लिए जमीन तैयार नहीं की जा रही है।

# महायुति का लक्ष्य महाराष्ट्र में 45 से अधिक लोकसभा सीटें जीतना है : प्रदेश भाजपा प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले को कहा कि 'महायुति' गठबंधन का लक्ष्य राज्य की कुल 48 लोकसभा सीट में से 45 से अधिक सीट जीतना है और अगले आम चुनाव की तैयारी के लिए 14 जनवरी से बैठक शुरू की जाएंगी। बावनकुले ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीट के बंटवारे पर निर्णय महायुति घटक दलों के केंद्रीय नेताओं द्वारा लिया जाएगा और गठबंधन के सभी नेता इसे स्वीकार करेंगे।

विपक्षी महाविकास आघाड़ी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने दावा किया कि इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के कार्यकर्ता और नेता सत्ता पक्ष में आ जाएंगे। महायुति में सत्तारूढ़ भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-अजित पवार गुट) शामिल हैं। बावनकुले ने राकांपा (अजित पवार गुट) के नेता सुनील तटकरे और शिवसेना के राज्य कैबिनेट मंत्री दादा भुसे के साथ मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, गठबंधन के नेता 14 जनवरी से लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी बैठकें शुरू करेंगे। महायुति नेता 14 जनवरी को राज्य के सभी जिलों में एक साथ रैलियां करेंगे। बावनकुले ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से जुड़ने के लिए बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन सहयोगी फरवरी के मध्य तक संभाग स्तर की बैठकें पूरी कर लेंगे। भाजपा नेता ने कहा, हम आगामी चुनाव में 51 फीसदी मत प्रतिशत के साथ 45 से अधिक लोकसभा सीट जीतने की तैयारी कर रहे हैं। सभी पार्टियां राज्य में अपना आधार बढ़ाने की कोशिश करेंगी।

# भारत में कैंसर से 9.3 लाख लोगों की मौत, एशिया में दूसरी सबसे बड़ी संख्या: लैंसेट रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में 2019 में कैंसर के 12 लाख नए मामले सामने आए वहीं 9.3 लाख लोगों की कैंसर से मौत हो गई। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि कैंसर के बढ़ते मामलों और इससे होने वाली मौत के मामले में एशिया में चीन और जापान भी भारत से पीछे नहीं हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार 2019 में एशिया में कैंसर जन स्वास्थ्य के लिए अहम खतरा बना, जहां इसके 94 लाख नए मामले सामने आए और 56 लाख लोगों की मौत हो गई। इनमें से चीन में कैंसर के सर्वाधिक 48 लाख नए मामले सामने आए और 27 लाख लोगों की मौत हुई। जापान में कैंसर के लगभग नौ लाख नए मामले सामने आए और 4.4 लाख मौतें हुईं। शोधकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर और बठिंडा के शोधकर्ता भी शामिल थे। उन्होंने अपने अध्ययन में लिखा, हमने 1990 से 2019 के बीच एशिया के 49 देशों में 29 प्रकार के कैंसर के अस्थाई पैटर्न की जांच की...। शोधकर्ताओं के अनुसार एशिया में कैंसर सबसे अधिक श्वासनली, ब्रोन्कस और फेफड़ों (टीबीएल)में पाया गया। इनके अनुमानित 13 लाख मामले सामने आए और 12 लाख लोगों की मौत हुई। पुरुषों में इन अंगों के कैंसर के अधिकतर मामले मिले। शोधकर्ताओं ने बताया कि महिलाओं में खासतौर पर गर्भाशय के कैंसर के मामले दूसरे नंबर पर और कई एशियाई देशों में शीर्ष पांच में रहे। 2006 में सामने आया 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीका बीमारी को रोकने और एचपीवी से संबंधित मौतों को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल थावरचन्द गहलोत को ज्ञापन सौंपा।





## कार सेवक की गिरफ्तारी

# सरकार के खिलाफ कर्नाटक बीजेपी का विरोध प्रदर्शन

## राज्यपाल को दिया ज्ञापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में गिरफ्तार कारसेवकों को रिहा करने की मांग को लेकर भाजपा बुधवार को राज्य भर में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रही है। बीजेपी कार्यकर्ता हुब्बल्ली में पुलिस स्टेशन का घेराव करने की योजना बना रहे हैं।

राज्य भाजपा प्रमुख विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा है कि इसके लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है।

विपक्ष के नेता आर. अशोक ने हुब्बल्ली में कार सेवक श्रीकांत पुजारी की रिहाई की मांग को लेकर पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। भाजपा विधायक अरविंद बेलाड, महेश तेंगिनाकायी और एम.आर.पाटिल भी इसमें हिस्सा लेंगे। हुब्बल्ली पुलिस ने 5 दिसंबर 1992 को एक अल्पसंख्यक सदस्य की दुकान में आग लगाने के कथित मामले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया था। पुजारी इस मामले में तीसरा आरोपी है और पुलिस अन्य आठ आरोपियों की तलाश कर रही है। पुजारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।बीजेपी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी थाने का घेराव करने की योजना बना रही है। बीजेपी के अलावा, एसएसके समुदाय के सदस्य भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। इस समुदाय से श्रीकांत पुजारी आता है।

पूर्व विधायक और एसएसके समुदाय के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कटावे ने आग्रह किया है कि सरकार पुजारी को तुरंत रिहा करे। उन्होंने कहा, हम श्रीकांत पुजारी के परिवार के साथ खड़े हैं। मामले में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा था कि श्रीकांत पुजारी की रिहाई तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। सरकार बीजेपी कार्यकर्ताओं को धमका रही है। पार्टी ऐसी झूठी धमकियों से नहीं झुकेगी। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार हिंदू और राम विरोधी है।

विजयेंद्र ने कहा, कांग्रेस सरकार केवल अल्पसंख्यकों का कल्याण चाहती है। अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए हिंदू कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। यह लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और हिंदू कार्यकर्ताओं को धमकी दे रही है। उन्होंने कहा, सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन गलत है। राम मंदिर के उद्घाटन से पहले कार सेवक की गिरफ्तारी हुई है। यह क्या संकेत देता है? उन्हें हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने में मजा आता है।

विरोध प्रदर्शन में विजयेंद्र के अलावा, पूर्व मुख्यमंत्री डी. वी. सदानंद गौड़ा, सांसद पीसी मोहन, पूर्व मंत्री डॉ सी. एन. अश्वथ नारायण, बैयरती बसवराज, के. गोपालैया, सांसद पी. सी. मोहन और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद विजयेन्द्र येडीयुरप्पा के नेतृत्व में सभी नेताओं ने राज्यपाल थावरचन्द गहलोत से मुलाकात कर उन्हें सरकार द्वारा किए जा रहे इस अत्याचार के बारे में एक ज्ञापन सौंपा।



बेलगावी में बुधवार के भाजपा सदस्यों ने सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# सोलह मामलों का सामना कर रहे व्यक्ति के लिए खड़ी है भाजपा : परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) कर्नाटक के हुब्बल्ली में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हुए दंगों में शामिल एक कारसेवक की गिरफ्तारी के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है।

इस बीच, राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने बुधवार को भगवा पार्टी पर एक अपराधी के पक्ष में खड़े होने का आरोप लगाया जिसके खिलाफ 16 मामले चल रहे हैं।श्री परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा, एफआईआर में कहीं भी कारसेवक का जिक्र नहीं है। उस पर (श्रीकांत पुजारी) एक अपराधी के रूप में आरोप लगाया गया है।

उस पर लगभग 16 मामले दर्ज किये गए हैं। जिनमें से कुछ में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। भाजपा ऐसे व्यक्ति के समर्थन में खड़ी है जो 16 मामलों का सामना कर रहा है। मुझे नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ है।

परमेश्वर ने भाजपा से सवाल किया कि वह न तो अदालत के आदेशों के अनुसार लंबे समय से लंबित मामलों को सुलझा रही है और न ही उन लोगों के खिलाफ मामले हटा रही है जिनका वे अब समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कल भी मैंने स्पष्ट किया था कि जब पुराने मामलों की खोज की जा रही थी, तब उनका (पुजारी) मामला सामने आया। निश्चित रूप से, उसके खिलाफ कार्रवाई में देरी हुई और 31 साल बाद कार्रवाई की गई। लेकिन, इस दौरान उन्होंने (भाजपा) भी शासन किया। बीएस येडीयुरप्पा के शासन रहा और उस दौरान भी वे मामले हटा सकते थे या दोषियों को दंडित कर सकते थे। पर उन्होंने ऐसा भी नहीं किया।



गौरतलब है कि परमेश्वर ने कल आरोप लगाया था कि भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। हुब्बल्ली-धारवाड़ पुलिस ने शुक्रवार को पुजारी को दिसंबर 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हुबली में हुई हिंसा से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया। हिंदू कार्यकर्ताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया, क्योंकि इस महीने अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। गौरतलब है कि दिसंबर 1992 में हुब्बल्ली हिंसा के दौरान दंगों के दौरान एक दुकान में आग लगा दी गई थी और टाउन पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर सिद्दरामैया ने भाजपा पर निशाना साधा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने राम मंदिर आंदोलन से जुड़े 31 साल पुराने एक मामले में हुबली में एक हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बुधवार को निशाना साधा। सिद्दरामैया ने कहा कि विपक्षी दल के नेताओं को समझना होगा कि अपराधियों पर जातीय और धार्मिक ठप्पा लगाना अत्यंत खतरनाक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब भी लोकायुक्त पुलिस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बी एस येडीयुरप्पा को गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था। सिद्दरामैया ने कहा, क्या उस समय की सरकार हिंदू विरोधी थी? भाजपा के मातृ संगठन के पदाधिकारियों ने भी हिंदू येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने वाली सरकार को हिंदू विरोधी नहीं कहा था। अब इतना हंगामा क्यों?



मुख्यमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस सरकार दिन प्रतिदिन अधिक लोकप्रिय होती जा रही है। भाजपा नेता निराश होकर एक अपराध के संदिग्ध के पीछे लामबंद हो रहे हैं।'' सिद्दरामैया ने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिए जब किसी राष्ट्रीय दल को एक आरोपी को बचाना पड़े।

## कर्नाटक सरकार मंदिर आंदोलन के दौरान दर्ज झूठे मामलों को खोलने की साजिश रच रही: विहिप

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार राम मंदिर आंदोलन के दौरान दर्ज झूठे मामलों को फिर से खोलने की साजिश रच रही है। विहिप ने एक हिंदू कार्यकर्ता श्रीकांत पुजारी की पिछले हफ्ते हुई गिरफ्तारी के मद्देनजर यह आरोप लगाया। पुजारी 1992 में राम मंदिर आंदोलन के दौरान उत्तरी कर्नाटक के हुबली में हुए एक दंगे के मामले में कथित तौर पर शामिल था। गिरफ्तारी के खिलाफ विपक्षी भाजपा ने बुधवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया।

विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा, ऐसे मामले जो 30-35 साल पुराने हैं, जिनमें कई आरोपियों की मौत हो चुकी है और बचे हुए आरोपियों में से ज्यादातर 70 से 80 साल के बीच के हैं, लेकिन अब उन्हें फंसाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, 'मामले फर्जी थे और कुछ सरकारों ने बाद में उन्हें रद्द कर दिया। आज इन मामलों को चलाकर शेष 'कार्यकर्ताओं' को फिर से गिरफ्तार किया जा रहा है। इन सभी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर कांग्रेस सरकार क्या साबित करना चाहती है?'

जैन ने दावा किया कि उस समय 10,000 से अधिक झूठे मामले दर्ज किये गये थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार उन सभी मामलों को फिर से खोल कर कर्नाटक के हिंदू समाज में आतंक का माहौल पैदा करना चाहती है?

## कांग्रेस एमएलसी हरिप्रसाद बोले

# कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना दोहराए जाने की आशंका!

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वरिष्ठ नेता और कांग्रेस एमएलसी बी.के. हरिप्रसाद ने कहा है कि कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना दोहराए जाने की आशंका है। उन्होंने राज्य सरकार से आने वाले दिनों में अयोध्या की यात्रा करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।



बेंगलूरु में पत्रकारों से बात करते हुए हरिप्रसाद ने बुधवार को कहा, ''विभिन्न राज्यों से उन्हें उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कर्नाटक में गोधरा जैसी घटना हो सकती है। यहां की सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अयोध्या जाने वालों को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। कर्नाटक राज्य में कड़ी निगरानी होनी चाहिए। ऐसी ही परिस्थितियों में गुजरात में गोधरा कांड हुआ था। यहां भी वैसी ही घटना को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। सुरक्षा कड़ी की जानी चाहिए। हम यहां गोधरा जैसा घटना देखना नहीं चाह सकते। यह मेरा निजी बयान है और इस संबंध में कांग्रेस पार्टी से कोई संबंध नहीं है।''

हरिप्रसाद के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेताओं ने उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। बेंगलूरु में कार सेवक की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा ने कहा कि हरिप्रसाद के खिलाफ शिकायत दर्ज की जानी चाहिए और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैं पुलिस आयुक्त से कार्रवाई शुरू करने का आग्रह करूंगा। मैसूरु में विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा विधायक टी.एस. श्रीवत्स ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब किसी को भी हमें छूने दो। तब, केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटा दी और कश्मीर में एक भी पत्थर नहीं फेंका गया। हरिप्रसाद मंत्री पद को देखते हुए बयान दे रहे हैं।

भाजपा विधायक ने आगे कहा कि उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हरिप्रसाद के नाम में राम है। हरि ही राम हैं। उन्हें समझदारी से बात करने दीजिए। मुसलमानों के लिए 10,000 करोड़ रुपये की घोषणा के लिए उनकी सरकार पर सवाल उठाने की क्षमता नहीं है।

पूर्व मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने कहा है कि राम भक्तों की रक्षा स्वयं भगवान राम करेंगे। अगर कोई हमें हमारे भगवान की पूजा करने से रोकता है तो हम उसे छोड़ देंगे। राम भक्त चुप नहीं बैठेंगे। अगर वे मैदान में आ गए तो कांग्रेस मुकाबला करने की स्थिति में नहीं रहेगी।



### समझौता

भारत सरकार और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करते समय बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेश और सीईओ देबदत्त चंद ने आरईएस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन। यह समझौता अगले तीन वर्षों में देश में बिजली, बुनियादी ढांचे और रसद परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए ऋणों की संयुक्त मंजूरी की सुविधा प्रदान करेगा।



### आमंत्रण

बेंगलूरु में 28 जनवरी को होने वाले खानाबदोश साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम के लिए यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित 'धवलगिरि' निवास पर भारतीय जनता पार्टी के राज्याध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुप्पा को आमंत्रित करते हुए संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र शेट्टी, अध्यक्ष एम प्रकाश, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर हेब्बल्ली, राज्य युवा इकाई अध्यक्ष सचिन दलवई, कार्यकारी अध्यक्ष केएच श्रीनिवास और सचिव के. श्रीनिवास आदि।

# नए कोविड वेरिएंट से डरने की जरूरत नहीं : मंत्री शरण प्रकाश पाटिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने मंगलवार को राज्य में बढ़ते कोविड-19 के सब-वेरिएंट जेएन1 के मामलों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने लोगों से कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इसके अलावा मंत्री ने लोगों से वायरस के प्रसार से निपटने के लिए एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया है। मंत्री ने बेंगलूरु में विकास सौधा में चिकित्सा शिक्षा विभाग के दायरे में आने वाले चिकित्सा संस्थानों, अस्पतालों के प्रमुखों के साथ-साथ कोविड-19 तकनीकी सलाहकार समिति के प्रमुख और उसके सदस्यों के साथ एक बैठक की।

मंत्री ने हाल ही में राज्य में 10 मरीजों की मौत पर कहा कि इसका कारण कोविड नहीं है, मरने वाले मरीज विभिन्न बीमारियों से पीड़ित थे। 10 में से 9 लोग हृदय, किडनी और अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। मंगलूरु का एक व्यक्ति शराबी था और उसने वैक्सीन की डोज नहीं ली थी।

शरण प्रकाश पाटिल ने भी मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और राज्य में कोविड-19 से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। शरण प्रकाश पाटिल ने बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बात करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विशेषज्ञों के बयानों का हवाला देकर जेएन1 के प्रभाव को कम कर दिया। उन्होंने कहा कि भले ही डब्ल्यूएचओ और कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि जेएन1 सब-वेरिएंट से संक्रमित लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने की संभावना नहीं है। लेकिन मैंने अधिकारियों को सतर्क रहने, एहतियाती कदम उठाने और लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का आदेश दिया है।



राज्य को केंद्र सरकार से 30,000 कोविड वैक्सीन मिली हैं। हमने इसकी कमी को रोकने के लिए सभी कदम उठाए हैं। कोविड वैक्सीनेशन (टीकाकरण) पर एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री पाटिल ने कहा, 'नए वैक्सीन की डोज पर केंद्र सरकार की ओर से कोई विशेष निर्देश नहीं था।'

मंत्री ने कहा, हम वैक्सीन की वही डोज देंगे जो महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान दी गई थी। वहीं 60 साल से ऊपर के लोग और गंभीर बीमारी वाले मरीज बुधवार से जिला अस्पतालों में टीका लगवा सकते हैं। विशेषज्ञों ने राय दी है कि जेएन1 सब-वेरिएंट के तेजी से फैलने की संभावना है। लेकिन गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होने की संभावना नहीं है।

## बच्चों ने तोड़े फूल, मालकिन ने कर्मचारी की काट दी नाक

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी जिले में बच्चों द्वारा बिना अनुमति के फूल तोड़ने से नाराज बगीचे के मालकिन ने बाल देखभाल केंद्र की एक महिला कर्मचारी की नाक काट दी। यह घटना बासुरते गांव में हुई। पीड़िता की पहचान 50 वर्षीय सुगंधा मोरे के रूप में हुई, जो फिलहाल गंभीर हालत में है। पुलिस के अनुसार, आरोपी कल्याणी मोरे को उस समय गुस्सा आया, जब राज्य सरकार द्वारा संचालित आंगनवाड़ी बाल देखभाल केंद्र के बच्चों ने उसके बगीचे में बिना अनुमति के फूल तोड़ लिए। कल्याणी मोरे ने सुगंधा मोरे के साथ गाली-गलौज की और उस पर दरांती से हमला किया।

# बेंगलूरु में 13वीं कर्नाटक डाक टिकट प्रदर्शनी कल से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हर डाक टिकट प्रदर्शनी के आयोजन के पीछे एक उद्देश्य होता है और वह यह कि 'डाक टिकट संग्रह' जैसे ज्ञानवर्धक शौक को प्रोत्साहित करना। ऐसी अनूठी प्रदर्शनी के द्वारा परस्पर नए संपर्क स्थापित करने, मैत्री भाव बढ़ाने, सद्भावना का वातावरण तैयार करने तथा लोगों विशेष कर बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का विकास करने का सुअवसर भी मिलता है। प्रदर्शनी के माध्यम से संपूर्ण विश्व सिमटकर एक स्थान पर आ जाता है।जहां किसी भी देश की जानकारी डाक टिकटों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। प्रदर्शनी में लगाई गई डाक सामग्री यह सिद्ध करती है कि हम लोगों तक पहुंचने वाल साधारण चिड्डियों को यदि संजोकर रखें तो वह भी दुर्लभ तथा ऐतिहासिक महत्व की वस्तु हो जाती है। साधारण समझे जाने वाले डाक टिकट तथा डाक सामग्री का अथाह समुद्र दर्शकों की आंखों को चकित करता है, वही मन को एक अजीब सुकून भी देता है। भारत में पहली बार सन 1954 में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन नई दिल्ली में हुआ था। प्रथम राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'इंपैक्स70' के आयोजन के बाद राज्य स्तर पर लखनऊ में सन 1971 में डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।




कर्नापेक्स 2024

## केंद्र सरकार कर्नाटक को सूखा राहत की राशि जारी करे : सुरजेवाला

बेंगलूरु। कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक के पार्टी प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को मांग की कि केंद्र सरकार तत्काल बिना किसी देरी के कर्नाटक के लिए सूखा राहत सहित अनुदान जारी करे। उन्होंने इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों की 'कथित चुप्पी' पर भी सवाल उठाया। यहां जारी बयान में सुरजेवाला ने कहा कि राज्य सरकार ने कुल 236 तालुकाओं में से 223 को सूखा प्रभावित घोषित किया है और विशेषज्ञों की अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक 48.19 लाख हेक्टेयर में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा कि छोटे और सीमांत किसान दयनीय स्थिति का सामना कर रहे हैं।




दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## मस्जिदों को आबाद रखने में हमें कोई समस्या या आपत्ति नहीं है : ओम माथुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ओम माथुर ने देश में मस्जिदों को आबाद रखने की एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की अपील पर मंगलवार को प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा को इसमें कोई समस्या या आपत्ति नहीं है क्योंकि हिंदू धर्म दूसरों की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाता है।




हालाँकि, उन्होंने सवाल किया कि क्या भगवान राम के जन्मस्थान पर मस्जिद का निर्माण उचित है? उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख ओवैसी खुद राम मंदिर का दौरा करने के लिए अयोध्या जाएंगे।

ओम माथुर ने मंगलवार को यहां अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, भाजपा या भाजपा की सरकार या हिंदू धर्म या सनातन धर्म किसी की भी आस्था पर कोई टिप्पणी नहीं करता है। मस्जिदों को आबाद रखने में हमें कोई समस्या या आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन जहां राम लला का जन्म हुआ, वहां जबरदस्ती मस्जिद बनाई गई .. यह इतिहास में साबित हो चुका है .. उच्चतम न्यायालय का निर्णय हो चुका है .. इसलिये हमने किसी की मस्जिद तोड़ने का काम नहीं किया।

उन्होंने कहा, अगर वे कहते हैं कि अबाद रखो, तो हम उसमें प्रसन्न हैं, .. आबाद रखने में कहां मना है.. करें। थोड़े दिन बाद औवेसी भी मंदिर के दर्शन करने जायेंगे.. वह भी राम लला के दर्शन करेंगे। ओवैसी के बयान पर टिप्पणी करते हुए माथुर ने कहा, 'ओवैसी खुद राम मंदिर के दर्शन के लिए अयोध्या जाएंगे।'

## 22 को जयपुर में मांस और शराब की दुकानें रहे बंद : शर्मा

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक गोपाल शर्मा ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिवस के अवसर पर 22 जनवरी को जयपुर में मांस और शराब की दुकानें बंद रखने का आह्वान किया है। शर्मा ने इसके लिए जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज महापौर से इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने का भी आग्रह किया है। शर्मा ने कहा कि यह दिन देश की राष्ट्रीय एकता, आस्था से जुड़ा हुआ विशेष दिन है। इस मौके पर देशभर में उत्सव का माहौल होगा ऐसे में शराब और मांस की दुकानें बंद रखी जानी चाहिए। राज्य में शुष्क दिवस के तौर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। इससे पहले जयपुर हेरिटेज नगर निगम की बैठक में सिविल लाइन विधायक शर्मा ने कहा कि अवैध मांस की दुकानों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिएऔर एक महीने में यह काम पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर की सड़कें गंगा जैसी हैं। इन पर अतिक्रमण एवं इनकी साफ सफाई न होना मंजूर नहीं होगा।



# 'सरकार आपकी है, उम्मीदों पर खरा उतरेगी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए हमारा प्रयास है कि प्रदेश में गरीब, युवा, महिला, किसान को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले एवं एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित नहीं रहे। इससे वे स्वयं आत्मनिर्भर बनते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में आपकी सरकार है, यह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगी।

शर्मा बुधवार को सीकर की ग्राम पंचायत बोसाना में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर का अवलोकन कर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के माध्यम से देशभर में सबसे सस्ता रसोई गैस सिलेंडर प्रदेशवासियों को मिल रहा है। साथ ही, हम संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के विश्वास को बनाए रखते हुए पेपरलीक एवं नकल माफियाओं पर कार्यवाही करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी के माध्यम से युवाओं को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। यह सरकार युवाओं के विश्वास और सुनहरे सपनों को टूटने नहीं देगी।

शर्मा ने कहा कि गत वर्षों में महिलाओं पर अत्याचार के मामले बड़े पैमाने पर राजस्थान में सामने आए हैं। हम मातृशक्ति की समुचित सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने वाले इस महा-अभियान में प्रदेशवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। शिविरों के माध्यम से 1 लाख 51 हजार से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ किसानों तक पहुंचाकर देशभर में हम प्रथम स्थान पर हैं। इन शिविरों में लगाए जा रहे स्वास्थ्य कैम्प में करीब 31 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। कुल 65 लाख प्रदेशवासियों के इन शिविरों में भाग लेने के साथ हम देशभर में अग्रणी राज्यों में शामिल हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के दायित्व को निभाने का आह्वान किया।

शर्मा ने कहा कि धोद क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही कार्ययोजना बनाकर काम शुरू कराया जाएगा। यहां पर खेल स्टेडियम का निर्माण भी कराएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आपके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं की स्टॉल पर पहुंचकर सम्पूर्ण जानकारी ली तथा लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए।

## राजस्थान के कई इलाकों में शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर और फलोदी समेत कई इलाकों में जारी शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम केंद्र के अनुसार बीती रात सीकर में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री, सिरोही में 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह बीकानेर और फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री, फलोदी में 4.4 डिग्री, पिलानी में 5.6 डिग्री, अलवर में 5.7 डिग्री, करौली में 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य की राजधानी जयपुर में यह 5.7 डिग्री सेल्सियस रहा। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में अधिकतम तापमान भी लगभग 11 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। मौसम विभाग के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। अनेक भागों में घना से अति अत्याधिक घना कोहरा छाया रहा जबकि पूर्वी राजस्थान के कई इलाके शीतलहर की चपेट में हैं।

## रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में महिला कांस्टेबल समेत दो की मौत

जयपुर। राजस्थान के टोंक जिले में रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में एक महिला पुलिस कांस्टेबल समेत दो की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार रात कोटा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जब जयपुर जा रही बस ने आगे निकलने के चक्कर में ट्रक को पीछ से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया।



# प्रदेश के विकास के लिए सभी अधिकारी टीम भावना के साथ करें कार्य : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित कर इनका लाभ आमजन तक पहुंचाया जाये। मुख्य सचिव ने बुधवार को शासन सचिवालय में विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए आयोजित शिविरों में आमजन को योजनाओं का लाभ प्रदान करें तथा इसके लिए सामूहिक प्रयास किये जाएं।

उन्होंने कहा कि समस्त जिला कलेक्टर जिलों में शिविरों का नियमित अवलोकन कर आमजन तक इनका अधिकाधिक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प अनुरूप ही विकसित राजस्थान के लिए कार्य योजना बनाई जाए एवं इस लक्ष्य को हासिल करने हेतु सभी टीम भावना के साथ कार्य करें।

उन्होंने समस्त विभागीय सचिवों को निर्देश दिए कि बड़ी योजनाओं की साप्ताहिक मॉनिटरिंग के साथ-साथ समयबद्ध रूप से प्रमुख लक्ष्यों को अर्जित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आमजन के विकास कार्य संवेदनशीलता के साथ प्राथमिकता से पूर्ण हों। मुख्य सचिव ने विभागों में बेहतर समय प्रबंधन करने के लिए फाइलों का निस्तारण डिजिटल रूप से किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्यों की समीक्षा के लिए डेशबोर्ड तैयार करें, जिससे कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करना आसान रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय सूचनाओं को डिजिटल फॉर्मेट में तैयार रखा जाये।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागीय उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने अधिकारियों से कड़ी मेहनत, ईमानदारी, विनम्रता और सादगी के गुणों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने समय की पाबंदी और अनुशासन का भी पालन करने को कहा साथ ही अपेक्षा व्यक्त की सभी अधिकारी पूर्ण समर्पण के साथ व्यापक जनहित एवं देश-प्रदेश के हित में कार्य करें। बैठक में समस्त विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव मौजूद रहे। साथ ही, विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए।

## युवक की पीट पीट कर हत्या मामले में एक आरोपी हिरासत में

जयपुर। राजस्थान के भिवाड़ी में मामूली विवाद के बाद एक युवक को लाठियों से इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। इस बाबत पुलिस ने बुधवार को एक आरोपी को हिरासत में लिया। भिवाड़ी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने बुधवार को बताया कि फूलबाग इलाके के घटाल में मंगलवार को मामूली विवाद के बाद एक कार में सवार कुछ युवकों ने अफसर अली (24) के साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले युवकों में शामिल आशीष ने अफसर अली पर लाठियों से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। सैनी ने दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि बिहार निवासी अफसर अली और उसका साथी तोहिबुल मंगलवार को खाना खाने जा रहे थे तभी सड़क पर उनकी कार सवार तीन युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके बाद तीनों ने अफसर अली के साथ मारपीट की और बाद में आशीष ने उस पर लाठियों से हमला कर दिया और फरार हो गया।

उन्होंने बताया कि घायल अली को उसके साथी ने अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सैनी ने बताया कि बुधवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर एक आरोपी आशीष को हिरासत में ले लिया गया है। सैनी ने बताया कि कार सवार तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (साझा मंशा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा मामले की जांच की जा रही है।



# दीया कुमारी ने 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने कहा है कि बेटियां अपने दिल की-मन की बात सुनते हुए जीवन में अपने सपने और लक्ष्यों को साकार करने के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को 67वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता (17 वर्ष आयु छात्रा संवर्ग) का शुभारम्भ करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर अपने सम्बोधन में 'फॉलो योर ड्रीम्स' के स्लोगन से बेटियों (खिलाड़ियों) में जोश और ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि जीवन में सदैव अपने दिल की बात सुने, यह कभी झूठ नहीं बोलता। उन्होंने कहा कि आज नेशनल स्कूली स्पर्धा में टीमों का प्रतिनिधित्व कर रही बेटियों का 'गोल' कबड्डी खेलना और देश के लिए मैडल लाना है, इसे हमेशा अपने जेहन में याद रखें, ये ही खिलाड़ी आगे चलकर अपने कॅरिअर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने में अवश्य कामयाब होगीं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नागरिकों को चुस्त-दुरुस्त बनाते हुए 'स्ट्रेस फ्री' जीवन जीने की बुनियाद रखने के लिए 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसे कार्यक्रमों की पहल से खेलों में सफलता और प्रगति का आदर्श माहौल बना है। इनकी बदौलत हमारे खिलाड़ी आज अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में अपनी कामयाबीं से देश को गौरवांवित कर रहे है। उन्होंने उद्घाटन समारोह के दौरान स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और राजस्थान के ध्वजों का आरोहण किया, प्रतियोगिता के शुभारम्भ की घोषणा करते हुए बैंड की धुन पर मार्च पास्ट कर रही 29 टीमों की सलामी लीं। मार्च पास्ट की अगुआई आंध्र प्रदेश की टीम ने की और मेजबान राजस्थान की टीम सबसे अंत में मंच के सामने से गुजरी।

श्रीमती दीया कुमारी ने कहा कि खेलकूद ओवरऑल डवलमेंट का माध्यम है।

कबड्डी एक अग्रेसिव सपोटर्स है, उन्हें स्वयं स्कूली दिनों में इसे खेलने का अवसर मिला, इसे खेलने में बहुज मजा आता है। उन्होंने कहा कि कबड्डी का खेल आज एशियाड के स्तर पर खेला जाता है, मगर इस बात की पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में यह ओलम्पिक का हिस्सा बनेगा और आज इस स्कूली स्पर्धा में भाग ले रही खिलाड़ियों में से ही कई आगे चलकर पीवी सिंधू, सायना नेहवाल, मैरीकॉम और पीटी ऊषा की तरह कबड्डी में देश के लिए विश्व स्तर पर मैडल जीतकर आएगी।

# ट्रांसपोर्टर्स की हड़ताल पर मुख्यमंत्री भजनलाल ने उच्च स्तरीय बैठक की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार शाम मुख्यमंत्री कार्यालय में 'ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट यूनियन' द्वारा देषभर में नये कानून को लेकर की गई हड़ताल की घोषणा के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक की। शर्मा ने सभी संभागीय आयुक्त, पुलिस रेंज आईजी, जिला कलक्टर, एसपी तथा अन्य अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने निर्देश दिए कि हड़ताल के कारण आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित न हो तथा आमजन को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता का आकलन कर कार्ययोजना बनाने, आंदोलनरत ट्रांसपोर्ट संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उन्हें समझाने-बुझाने तथा नए कानून के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के संबंध में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को जिला स्तर पर तथा उपखण्ड अधिकारी एवं डिप्टी एसपी को उपखण्ड स्तर पर आंदोलनरत ट्रांसपोर्ट संगठनों से वार्ता करने के निर्देश दिए। साथ ही, उनकी मांगों को उचित स्तर पर पहुंचाकर उन्हें आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने जिले में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता का आकलन कर इस सम्बन्ध में उचित कार्ययोजना भी बना लें ताकि प्रदेशभर में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो तथा आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।



उन्होंने इस हेतु अन्तरजिला एवं अन्तरराज्य समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि हड़ताल और आंदोलन को लेकर हर जिले में कानून व्यवस्था चाकचौबंद रहना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को इस सम्बन्ध में किसी घटना की संभावना होने पर त्वरित कदम उठाने और कोई अप्रिय स्थिति बनने से पहले उस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को राज्य स्तरीय कंट्रोलरूम स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रदेशभर में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने नए कानून के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांति न फैलाने की अपील की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जोधपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा, अजमेर, सीकर, केकड़ी, बीकानेर, भरतपुर तथा धौलपुर सहित विभिन्न जिलों में वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों के माध्यम से केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलक्टर शिविरों का निरीक्षण करें, शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए तथा जिस क्षेत्र में प्रगति कम है, उनके सुधार पर विषेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ 100 प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने सभी जिला कलक्टर को नियमित जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार तथा संभागीय आयुक्त, रेंज आईजी, कलक्टर व एसपी वीसी के माध्यम से जुडे।

## मोदी की यात्रा, राज्यपाल मिश्र ने राजभवन परिसर का जायजा लिया

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को देखते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन परिसर का अनौपचारिक जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री की यात्रा से संबंधित सुरक्षा और आवश्यक तैयारियों के एक-एक पहलू के बारे में जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा भी की। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन और उनके ठहरने से संबंधित सभी कार्य उन्होंने समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजभवन परिसर का भ्रमण कर प्रधानमंत्री के दौरे से संबंधित कार्यों का विशेष रूप से जायजा लेते हुए तैयारियों को प्रभावी रूप में अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# वृन्दावन के सप्त देवालयों में मची हुई है खिचड़ी महोत्सव की धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मथुरा/वार्ता।** उत्तरप्रदेश की ब्रजभूमि में एक ओर कड़ाके की ठंड पड़ रही है तो दूसरी ओर इस ठंड से ठाकुर को बचाने के लिए मन्दिरों में खिचड़ी महोत्सव की धूम मची हुई है।

ब्रज के अधिकांश मन्दिरों में ठाकुर की सेवा बालस्वरूप में होती है इसलिए जिस प्रकार से बच्चे का ख्याल मौसम के परिवर्तन पर किया जाता है वैसे ही मन्दिरों में भी व्यवस्था की जाती है। जहां वृन्दावन के प्राचीन सप्त देवालयों में खिचड़ी महोत्सव की शुरूवात मार्गशीर्ष माह यानी अगहन शुक्ल पक्ष की द्वादसी से शुरू होती है वही बांकेबिहारी मन्दिर वृन्दावन में खिचड़ी महोत्सव की शुरूवात पौष माह की शुरूवात से ही हो जाती है। इसके विपरीत वृन्दावन के ही राधाबल्लभ मन्दिर में खिचड़ी महोत्सव की शुरूवात पौष माह की मकर संक्रांति से होती है। सभी मन्दिरों में यह महोत्सव एक महीने तक चलता है। ब्रज के मन्दिरों का खिचड़ी महोत्सव एक प्रकार से ठाकुर की शीतकालीन सेवा है। राधारमण मन्दिर के सेवायत आचार्य पद्मनाभ गोस्वामी ने बताया कि लाला को ठंढ से बचाने के लिए जहां गर्म पानी का प्रयोग उनके अभिषेक के लिए किया जाता है वहीं उन्हें हिना या केसर का इत्र लगाया जाता है। मोजे, टोपा और गर्म शाल धारण कराई जाती है। एक महीने तक चरण दर्शन बन्द रहते हैं।उन्होंने बताया कि लाला को ठंढ़ से बचाने के लिए उनके व्यंजनों में केशर का बहुत अधिक उपयोग किया जाता है। दाल चावल की खिचड़ी में लौंग, बड़ी इलाइची, तेजपात, काली मिर्च, मेवा तथा अन्य पदार्थों को मिलाया जाता है। खिचड़ी के साथ पापड़, सब्जियां, दही, अचार, कुलिया, खीर, मेवे के लड्डु, गर्म दूध, उर्द की दाल के लड्डु तथा अन्य विभिन्न व्यंजनों का उपयोग किया जाता है जिसे श्रंगार भोग के समय लाला को अर्पित किया जाता है। उन्होंने बताया कि व्यंजन द्वादशी से ही कोयले की अंगीठी लाला के सामने रखी जाती है। अंगीठी चांदी की होती है। भाव की सेवा के अन्तर्गत राग सेवा भी मन्दिर में होती है जिसमें विभिन्न पदों का गायन राग मालकोस में होता है। राधा दामोदर मन्दिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी ने बताया कि उनके मन्दिर में 27 दिसंबर से शुरू हुआ खिचड़ी महोत्सव 13 फरवरी तक यानी वसंत से एक दिन पहले तक चलेगा। पहले दिन इसका स्वरूप अन्नकूट जैसा रहता है बाद मे मेवा, लौंग, बड़ी इलाइची, जावित्री, काली मिर्च आदि ऐसे पदार्थ खिचड़ी में मिलाए जाते हैं जो लाला को गर्मी दे सकें।इसके साथ ही मेवे की मिठाइयां, बादाम का हलुआ, गोभी और बथुआ के पराठे, पापड़, दही ठाकुर को अर्पित की जाती है। लाला ने रजाई ओढ़ना तथा गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दिया है।



## राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस को लेकर व्यस्त हूं, प्रश्नावली भेजें: केजरीवाल ने ईडी से कहा

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को तीसरी बार नजरअंदाज करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को जांच एजेंसी को लिखा कि वह राज्यसभा चुनाव और गणतंत्र दिवस की तैयारियों में व्यस्त हैं, लेकिन एजेंसी की किसी भी प्रश्नावली का जवाब देने के लिए तैयार हैं। 'आप' प्रमुख ने एजेंसी से अपने पहले के पत्रों का जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित पूछताछ/जांच के लिए बुलाए जाने से जुड़े वास्तविक इरादे और इस पूछताछ की प्रकृति और दायरे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था।

उन्होंने समन के जवाब में कहा, उपर्युक्त महत्वपूर्ण पहलुओं पर आपकी चुप्पी मुझे यह निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित करती है कि आप अनुचित गोपनीयता बनाए हुए हैं और वर्तमान मामले में अपारदर्शी और मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। केजरीवाल ने पहले दो नवंबर और 21 दिसंबर के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश होने से इनकार कर दिया था और नोटिस को 'अवैध' व 'राजनीति से प्रेरित' बताया था।

# केजरीवाल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए, भाजपा ने कहा : उनका न्यायिक प्रणाली पर भरोसा नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल के आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) के तीसरे समन पर भी उसके सामने उपस्थित नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री का देश की प्रशासनिक और न्यायिक प्रणाली पर विश्वास नहीं होने का आरोप लगाया।

केजरीवाल बुधवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा जारी समन पर तीसरी बार पेश नहीं हुए। आप ने आरोप लगाया कि बार-बार नोटिस भेजना उन्हें गिरफ्तार करने और लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की साजिश का हिस्सा था। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल की तरह मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी ईडी के नोटिस को गलत बताते थे लेकिन उन्हें एजेंसी के सामने पेश होना पड़ा ओर आज प्रयासों के बावजूद जमानत मिलना तो दूर उन्हें हर अदालत में फटकार मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया, जिस तरह से केजरीवाल ईडी के समन से बच रहे हैं उससे साफ पता चलता है कि उन्हें देश की प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं है और उसके बाद सवाल उठता है कि क्या उनके पास मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक आधार बचा है।

भाजपा नेता ने दावा किया कि अगर केजरीवाल को ईडी का नोटिस गलत लगता है तो उन्हें अदालत जाना चाहिए लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगे। सचदेवा ने कहा, वह जानते हैं कि यह स्पष्ट तौर पर भ्रष्टाचार का मामला है और अदालतों से राहत पाना लगभग असंभव है। भाजपा नेता ने कहा कि केजरीवाल को यह बताना चाहिए कि जिस मामले के आधार पर सिसोदिया और सिंह जेल में हैं, उसी मामले में उन्हें दिया गया नोटिस कानूनी तौर पर गलत कैसे हो सकता है।

## मणिपुर गोलीबारी: एक और घायल की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हुई



**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के थोउबल जिले के लिलोंग चिंगजाओ इलाके में प्रतिबंधित संगठन की गोलीबारी में घायल हुए एक और व्यक्ति की मौत हो गई। घायल व्यक्ति जिस अस्पताल में भर्ती था, उसके अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही इस घटना में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई है। वह व्यक्ति उन 10 लोगों में शामिल था, जो सोमवार रात पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) के सदस्यों की तरफ से की गई गोलीबारी में घायल हो गए थे। सभी को उपचार के लिए इंफाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि संदेह है कि गोलीबारी अवैध मादक पदार्थों के व्यापार के माध्यम से अर्जित धन को लेकर हुए विवाद के कारण हुई। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की राजनीतिक शाखा रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ) ने एक बयान जारी कर दावा किया कि गोलीबारी करने वाले उसके सदस्य थे।

# असम: बस-ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने शोक जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गोलाघाट/जोरहाट (असम)/ भाषा।** असम के गोलाघाट जिले में बुधवार को एक कोयला लदे ट्रक और एक बस की आमने-सामने की टक्कर में तीन बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गोलाघाट जिला आयुक्त पी उदय प्रवीण ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर डेरगांव के पास बालीजान में हुई जब 49 यात्रियों को ले जा रही बस ट्रक से टकरा गई। उन्होंने कहा, जान गंवाने वाले 12 लोगों में से छह महिलाएं हैं। ये सभी बासा भरालुवा गांव के थे। जिला आयुक्त ने बताया कि जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जेएमसीएच) में कुल 31 लोगों का इलाज किया जा रहा है, जबकि मामूली रूप से घायल हुए अन्य लोगों को डेरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, असम के गोलाघाट में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की आकस्मिक मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक-संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, असम के गोलाघाट में एक सड़क हादसे में जानमाल की हानि के कारण बहुत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और परिवहन मंत्री परिमल शुक्लवैद्य ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। शुक्लवैद्य ने भी दुर्घटना की जांच के आदेश दिए और अपने विभाग के शीर्ष अधिकारियों को गोलाघाट जिले में दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर हरसंभव सहायता मुहैया कराने को कहा।

# मनरेगा पर 'राजनीतिक तमाशा' कर रही तृणमूल कांग्रेस : निरंजन ज्योति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने बुधवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार गत नौ साल से मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल को देय धनराशि का लगातार भुगतान कर रही है लेकिन राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की रुचि जनता के कल्याण में नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की रुचि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले 'राजनीतिक तमाशा' करने में है। उन्होंने साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देने वाली महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना (मनरेगा) के लिए आवंटित राशि के उपयोग में कथित अनियमितता की ओर संकेत किया। कोलकाता के दौरे पर आईं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ज्योति ने तृणमूल के उस आरोप को भी खारिज कर दिया कि पिछले साल अक्टूबर में उन्होंने मनरेगा पर चर्चा के लिए नई दिल्ली में विपक्षी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करने से इनकार कर दिया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करना चाहती थीं लेकिन पार्टी मामले का राजनीतिकरण करना चाहती है। उन्होंने कहा, तृणमूल की रुचि जनता के कल्याण में नहीं है और न ही वह (मनरेगा की) देनदारियों पर चर्चा करने की इच्छुक है। उसकी रुचि केवल इस मुद्दे पर राजनीति करने और खुद को राजनीतिक तमाशे में व्यस्त रखने में है। पिछले साल अक्टूबर में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, पार्टी सांसद, विधायक, मंत्री और मनरेगा से जुड़े लोगों ने नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था।




# भारतीय कुश्ती में नया विवाद : बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ पहलवान जुटे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय कुश्ती में जारी संकट में बुधवार को नया मोड़ आया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने कैरियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ जंतर मंतर पर जमा हुए और उन्होंने इसके लिए शीर्ष पहलवानों बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया। बसों में भरकर जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से यहां पहुंचे।

इनमें से करीब 300 बागपत के छपरौली के आर्य समाज अखाड़े से थे जबकि कई नरेला की वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से भी थे। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें काबू करने में काफी परेशानी हुई। ये पहलवान बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इन्होंने बैनर पकड़ रखे थे जिस पर तीनों पहलवानों की तस्वीरों के साथ लिखा था, ''कर दिया देश की कुश्ती को बर्बाद, साक्षी, बजरंग और फोगाट। भारी ठंड के बीच जूनियर पहलवान सुबह 11 बजे जंतर मंतर पहुंचे और तीन घंटे बाद यह चेतावनी देकर निकल गए कि अगर सरकार ने डब्ल्यूएफआई पर लगा प्रतिबंध दस दिन के भीतर नहीं हटाया तो वे अपने पुरस्कार वापिस देने लगेंगे।

# स्क्रैप माफिया रवि काना की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी, करोड़ों की संपत्ति पुलिस ने जब्त की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा/भाषा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर के कुख्यात स्क्रैप माफिया रवि काना की तलाश में पुलिस ने मंगलवार को देर रात से बुधवार की सुबह तक उसके संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की तथा उसकी करोड़ों की संपत्ति जब्त की है।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधिकारी उसके खिलाफ अदालत से वारंट लेने तथा लुक आउट नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। आशंका है कि रवि काना अपने सहयोगी अवध बिहारी के साथ नेपाल भाग सकता है।

अपर पुलिस उपायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि बीटा-दो और इकोटेक एक थाना पुलिस ने पूरी रात रवि के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

उन्होंने बताया कि ईकोटेक-1 क्षेत्र में काना का करीब पांच करोड़ रुपए मूल्य का स्क्रैप, करीब 30 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन तथा बिसरख थाना क्षेत्र के चेरी काउंटी क्षेत्र में 5,000 वर्ग गज जमीन जब्त की गई है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा 20 खाली ट्रक, स्क्रैप से लदे दो ट्रक पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस ने रवि काना का 200 टन स्क्रैप तथा 10 लाख रुपए का सरिया भी पकड़ा है। 60 बड़े वाहन भी जब्त किए गए हैं।

एक महिला ने रवि काना और उसके चार साथियों पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाते हुए थाना सेक्टर 39 में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन रवि काना फरार है।

अपर उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार की आधी रात गैंगस्टर कानून के तहत बीटा-2 थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मानहानि मामला : 'आप' नेता संजय सिंह को उप्र के पूर्व मंत्री को एक लाख रुपए हर्जाना देने का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** लखनऊ की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को मानहानि के एक मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को एक लाख रुपए का हर्जाना देने का बुधवार को निर्देश दिया। दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) कमला कांत गुप्ता ने संजय सिंह को दो महीने के भीतर हर्जाना देने का निर्देश दिया, जिसके बाद उन्हें भुगतान की तारीख तक इस राशि पर छह प्रतिशत ब्याज देना होगा।

अदालत ने संजय सिंह को नोटिस जारी किया था लेकिन उन्होंने इसका जवाब नहीं दिया। इसलिए अदालत ने उनके खिलाफ एक पक्षीय कार्यवाही की। आप सांसद दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े घोटाले के सिलसिले में जेल में बंद हैं। अदालत ने संजय सिंह को सोशल मीडिया मंचों से वीडियो और प्रिंट सामग्री हटाने का भी निर्देश दिया। आठ अगस्त 2021 को लखनऊ में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आप नेता ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। बाद में महेंद्र सिंह ने राज्य सरकार की जल जीवन मिशन योजना में भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। महेंद्र सिंह ने 21 लाख रुपए का हर्जाना मांगा था।

## पटनायक ने नर्सिंग और फार्मेसी के छात्रों की मासिक छात्रवृत्ति में वृद्धि को मंजूरी दी



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने नर्सिंग, फार्मेसी और अन्य संबंधित श्रेणियों के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की राशि में वृद्धि को मंजूरी दे दी। उन्होंने बताया कि छात्रों के अनुरोध के बाद यह कदम उठाया गया है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि फार्मेसी में डिप्लोमा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को अब प्रति माह 250 रु. की जगह 500 रुपए, एएनएम को 1,000 रुपए की जगह 2,000 रुपए, बीएससी (नर्सिंग) इंटर्नशिप कोर्स के छात्रों को 2,500 रु. की जगह 5,000 रु., क्लिनिकल साइकोलॉजी में एमफिल व मनोरोग सामाजिक कार्य में एमफिल करने वालों 7,000 रु. के बजाय 10,000 रु. दिए जाएंगे।

# विराट कोहली की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए। कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने शृंखला के शुरुआती मैच में 101 और चार रन बनाए थे।



गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि वह सेंचुरियन में 41 रन देकर एक विकेट ही झटक सके थे। रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर बने हुए हैं।

जडेजा आल राउंडर सूची में शीर्ष पर कायम हैं, उनके बाद अश्विन दूसरे स्थान पर हैं जबकि शार्दुल ठाकुर 34वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम रैंकिंग में भारत 118 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ऊपर शीर्ष पर काबिज है।

# न्यायालय के फैसले में सेबी के प्रति 'असाधारण तरीके से उदारता' : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अडाणी समूह के लेनदेन से जुड़े कुछ मामलों पर उच्चतम न्यायालय का फैसला सेबी के लिए 'असाधारण तरीके से उदार' साबित हुआ है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि सांठगांठ वाले पूंजीवाद तथा मूल्यों, रोजगार पर उसके बुरे प्रभावों के खिलाफ पार्टी की लड़ाई जारी रहेगी।

उच्चतम न्यायालय ने अडाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए, समूह द्वारा शेयर मूल्य में हेराफेरी किए जाने के आरोपों की जांच विशेष जांच दल से कराने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने साथ ही बाजार नियामक सेबी से दो लंबित मामलों की जांच तीन माह के भीतर करने के निर्देश दिए।

इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी ने कहा, माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले ने साबित कर दिया है कि सत्यमेव जयते।

इस फैसले पर अपने बयान में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अडाणी पर निशाना साधते हुए कहा, जब हम पिछले दशक में व्यवस्था को मजाक बनाने वाले, उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले और उसे नुकसान पहुंचाने वाले लोगों को सत्यमेव जयते बोलते हुए सुनते हैं तो सच हजार बार मरता है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह के लेनदेन से जुड़े कुछ मामलों पर उच्चतम न्यायालय का फैसला भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के लिए 'असाधारण तरीके से उदार' साबित हुआ है।



रमेश ने कहा कि गौरतलब है कि सेबी ने उच्चतम न्यायालय की विशेषज्ञ समिति के कहने के दस महीने बाद भी अडाणी समूह द्वारा प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन तथा स्टॉक छेड़छाड़ के मामले में अपनी जांच पूरी नहीं की है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि अगले तीन महीने में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के अलावा क्या बदलेगा। कांग्रेस नेता ने अपने बयान में इशारा किया कि संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना समेत हाल में हुए अधिकतर खुलासों में उन 13 बेनामी शेल कंपनियों में से दो के वास्तविक स्वामित्व का पता चला है जिनकी पहचान सेबी सालों की जांच के बावजूद नहीं कर पाई।

रमेश ने आरोप लगाया, 'मोडाणी' विशाल घोटाले के संबंध में सेबी का कार्यक्षेत्र प्रतिभूति नियमों के उल्लंघन तक सीमित है। उदाहरण के लिए, यह इस पर गौर नहीं करेगी कि कैसे मोदी सरकार ने अडाणी को हवाई अड्डों का पूरी तरह एकाधिकार सौंपने के लिए नीति आयोग और वित्त मंत्रालय की आपत्तियों पर बोली की शर्तों में हेरफेर की, और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्तियों को प्रधानमंत्री के दोस्तों के हाथों में देने के लिए ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया है।

## सुविचार

**वज़न तो सिर्फ हमारी इच्छाओं का है, बाकी ज़िन्दगी बिलकुल हलकी फुलकी है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# उदारता दिखाएं

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), 2019 के नियमों को लोकसभा चुनाव की घोषणा से 'काफी पहले' अधिसूचित किए जाने संबंधी जानकारी बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के उन अल्पसंख्यक 'प्रताड़ित' परिवारों के लिए शुभ समाचार है, जो भारत की नागरिकता पाने के लिए वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। एक प्रतिष्ठित समाचार एजेंसी को वरिष्ठ अधिकारी का इस संबंध में दिया गया बयान भारत सरकार की मंशा को दर्शाता है कि यह देश उन पीड़ितों का स्वागत करने के लिए तैयार है, जिनके जख्मों पर 'उनके देशों' की सरकारों ने मलहम नहीं लगाया। यह नागरिकता देने का कानून है। इसके लागू होने से किसी की नागरिकता नहीं छीनी जा सकती। इसका एक-एक अक्षर ऑनलाइन उपलब्ध है। अगर इसे कोई पढ़ना चाहे तो पढ़ सकता है। आखिर में उसका निष्कर्ष भी यही होगा कि सीएए किसी की नागरिकता छीनता नहीं, बल्कि बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए प्रताड़ित हिंदू, सिक्ख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई धर्मावलंबियों की स्थिति पर नरमी दिखाते हुए उन्हें भारत की नागरिकता देने की बात कहता है। इसके बावजूद सीएए के बारे में बहुत दुष्प्रचार किया गया, जिसके नतीजे में तोड़फोड़, हिंसा और उपद्रव की घटनाएं हुईं। सौ से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई थी। इन सबसे क्या मिला? अगर शांत मन से विचार करते, भड़काऊ तत्त्वों की बातें मानने से परहेज करते तो कई अप्रिय घटनाओं को टाला जा सकता था। अब सीएए के नियमों को लागू करने की बातें हो रही हैं और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का रुख रहा है, भारत सरकार इसे लागू करने से पीछे नहीं हटेगी। इससे पहले जरूरी है कि विभिन्न माध्यमों से लोगों को सीएए की वास्तविकता बताई जाए। इस पर किसी भी किस्म की सियासी बयानबाजी से दूर रहा जाए और उन लोगों की पीड़ा से अवगत कराया जाए, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अपना सबकुछ गंवाकर भारत आए हैं और यहां भी उनका भविष्य अनिश्चितता के भंवर में फंसा है। उनके लिए आशा की एकमात्र किरण भारत है।

ये ज्यादातर लोग गरीब हैं। इनकी सिसकियां न तो पश्चिमी देशों को सुनाई देती हैं और न ही मानवाधिकार का झंडा उठाए वैश्विक संगठनों को। आखिर ये जाएं तो कहां जाएं? इनके पास पहला और आखिरी विकल्प भारत ही है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में रहने वाले हिंदू, सिक्ख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई हर स्तर पर भेदभाव और उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। उनकी बहन-बेटियों का दिन-दहाड़े अपहरण और जबरन धर्मांतरण होता है। राजनीति में प्रतिनिधित्व न के बराबर है। यही स्थिति पुलिस और अदालतों में है। ये जहां भी अपनी गुहार लेकर जाते हैं, कोई सुनवाई नहीं होती। इनमें से कई लोग ऐसे हैं, जिनकी जमीनें फर्जीवाड़े से कब्जा ली गईं। अफगानिस्तान में तो अल्पसंख्यक थोड़े-से बचे हैं। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब में कुछ तादाद है, जो देर-सबेर इस मुल्क को अलविदा कहना चाहती है। पाक में कट्टरपंथ और आतंकवाद जिस स्तर पर पहुंच गए हैं, उसके मद्देनजर अगले तीन दशकों में भी वहां स्थिति सामान्य होने की कोई संभावना नहीं है। वहां अल्पसंख्यकों पर जिस तरह हमले हो रहे हैं, इतने वर्षों में तो उनकी तादाद सैकड़ों में सिमट जाएगी! बांग्लादेश में भी उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। वहां हाल के वर्षों में नवरात्र के दौरान हिंसक घटनाएं देखने को मिल रही हैं। इस समूचे परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए भारतवासियों को मानवता की रक्षा के लिए आगे आना होगा। सीएए के बारे में दुष्प्रचार को हवा देने के लिए यह कहा गया कि इसमें उक्त देशों के बहुसंख्यकों को क्यों शामिल नहीं किया गया? इस सवाल में ही जवाब छिपा है- यह कानून 'प्रताड़ित' अल्पसंख्यकों के लिए है। क्या यह संभव है कि इन देशों में किसी ऐसे व्यक्ति को धार्मिक आधार पर 'प्रताड़ना' व 'भेदभाव' का सामना करना पड़े, जो स्वयं बहुसंख्यक वर्ग से आता है? अगर उस वर्ग से भी किसी व्यक्ति को अपने विचारों और दृष्टिकोण की वजह से संकट की स्थिति का सामना करना पड़ता है, तो भारत ने सदैव उदारता दिखाई है। ऐसे लोग भारत में रह रहे हैं, जिनमें प्रमुख नाम तस्लीमा नसरीन का लिया जा सकता है। इन देशों के बहुसंख्यक वर्ग से आने वाले लोगों को भी पूर्व में भारत की नागरिकता दी गई है। इसलिए यह कहना सही नहीं है कि भारत में नागरिकता के लिए किसी समुदाय के लिए रास्ते बंद किए जा रहे हैं। उसे नागरिकता देने के लिए पहले से ही नियम मौजूद हैं। इसमें भेदभाव का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। मुद्दा जब धार्मिक आधार पर सताए हुए लोगों का हो तो हम सबको उदारता दिखानी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



आज जोधपुर के निकट सिद्ध श्री चिड़ियानाथ जी के आश्रम पालासनी में श्री श्री 1008 श्री ब्रह्मलीन श्री योगी कैलाशनाथ जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता का पुण्य मिला। यहाँ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



जयपुर स्थित सवाई मान सिंह (इण्डोर) स्टेडियम में 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान प्रतिभाग ले रहे 27 राज्यों के खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

**-दीया कुमारी**



दुर्भाग्य से आजादी के बाद लेफ्ट, कांग्रेस की सरकारों ने, एलडीएफ, यूडीएफ की सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना। लेफ्ट और कांग्रेस की सरकारों ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण देने वाले कानून को वर्षों तक लटकाए रखा।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# विवेक और प्रज्ञा

एक रात संत सुंदरैया प्रवचन कर रहे थे। सामने बैठा एक व्यक्ति झपकी ले रहा था। संत ने तीन बार उस व्यक्ति को जगाने का प्रयास किया और पूछा, 'भक्त सोते हो?' तीनों बार उत्तर मिला, 'नहीं महाराज!' इसके बाद वह व्यक्ति फिर से सो गया। संत ने सोचा, यह व्यक्ति सोया रहता है और फिर भी कहता है, 'नहीं महाराज! कहां सोता हूं!' इस बार संत ने प्रश्न किया, 'भक्त जीते हो?' नींद में डूबे व्यक्ति ने सोचा, वही पुराना ही प्रश्न है। अत: उंघते हुए बोला, 'नहीं महाराज!' संत ने व्यक्ति के ज्ञान चक्षु खोलते हुए कहा, 'वत्स, निद्रा में तुमसे सही उत्तर ही निकल गया। जो निद्रा में है वह मृतक तुल्य है। जब तक हम विवेक और प्रज्ञा में नहीं जागते हैं तब तक हम मृतक के ही समान हैं।'

## सामयिक

# लुई ब्रेल : जिसने नेत्रहीनों के लिए शिक्षा के द्वार खोले

प्रमोद दीक्षित मलय
मोबाइल : 94520-85234

20 जून, 1952। पेरिस से थोड़ी दूर बसे एक गांव कूप्रे में सुबह से ही लोग जुट रहे थे। सरकारी अधिकारियों एवं नेताओं की गाड़ियों का काफिला भी गांव की ओर बढ़ा चला जा रहा था। गांव के निवासी स्त्री, पुरुष और बच्चे भी आश्चर्यचकित हो भीड़ का हिस्सा बन जाते हैं। भीड़ एक कब्रिस्तान जाकर एक सभा में बदल जाती है। एक खास कब्र को सजाया गया है। एक अधिकारी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज फ्रांस की सरकार ने ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के सम्मान का दिन घोषित किया गया है। सभा में खुशी की लहर छा गयी और कर तल ध्वनि से गगन गुंजित हो गया। तब पूरे राजकीय सम्मान एवं प्रतिष्ठा के साथ धार्मिक संस्कारोंपरांत कब्र से शव को निकाला गया। उपस्थित जन समुदाय ने अपनी गलती स्वीकार की और धार्मिक रस्में पूर्ण कर लुई के सम्मान में राष्ट्रीय धुन बजा उन्हें दफनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके महनीय मानवीय योगदान को स्वीकृति देते हुए अपने भूल के लिए प्रायश्चित किया। यह लुई ब्रेल की मृत्यु के सौ साल के बाद का एक सम्माननीय दृश्य था। नेत्रहीनों के लिए प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य का दर्शन अछूता और रसानुभूति से परे था, क्योंकि वे न तो देखकर आनन्द उठा सकते थे और न ही पढ़कर। दृष्टिहीनों के लिए यह दुनिया अंधकारमय और बेरंग थी। नेत्रहीन भी काव्य, कहानी, नाटक को पढ़कर आनन्द सागर में डूब सकें, ऐसा सहज सम्भव हुआ है एक विशेष लिपि में अंकित पाठ्य सामग्री के द्वारा, जिसे विश्व ब्रेल लिपि के नाम से जानता है। ब्रेल लिपि के जनक हैं फ्रांस के शिक्षाविद लुई ब्रेल। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2019 से 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रुप में मनाया जा रहा है।

लुई ब्रेल का जन्म फ्रांस के एक गांव में 4 जनवरी 1809 को पिता साइमन रेले ब्रेल एवं माता मोनिक ब्रेल के परिवार में हुआ था। पिता के आर्थिक संसाधन सीमित थे एवं आजीविका का एकमात्र साधन उनका मोचीगिरी का ही काम था। वह चमड़े का काम करने के साथ ही फ्रांस के शाही परिवार एवं अमीरों के घोड़ों की काठी एवं जीन बनाने का काम किया करते थे। लेकिन कठोर श्रम एवं समय साध्य काम होने के बावजूद भी उनकी कमाई इतनी न थी छह सदस्यों के परिवार का भरण-पोषण एवं उचित देखरेख संभव हो पाती। और जैसा कि परंपरागत रोजगार करने वाले परिवारों में होता है कि अपने पारंपरिक कार्य से बच्चों को जोड़े रखने एवं सिखाने की दृष्टि से छोटी उम्र से ही अपने साथ काम पर ले जाते हैं। साइमन रेले ने भी ऐसा ही किया और अपनी मोची की दूकान पर तीन वर्ष के बालक लुई ब्रेल को साथ ले जाने लगे। स्वभावतः बालक जिज्ञासु एवं चंचल होते हैं। दुकान पर चमड़े के काम में प्रयुक्त होने वाले लोहे के औजारों यथा चाकू, सूजा, हथौड़ी, कटर, आरी आदि से बालक संपर्क में आया। वह पिता की मदद करते हुए उनसे खेलने लगता। एक दिन पिता की अनुपस्थिति में खेलते समय सूजा उछल कर बालक की आंख में जा लगा और खून की धार फूट पड़ी। बालक को घर पहुंचाया गया और आंख साफ कर जड़ी-बूटी युक्त घरेलू औषधि का लेपन कर पट्टी बांध दी गई और यह सोचा गया कि अपने आप जल्दी ही ठीक हो जाएगी। लेकिन उचित चिकित्सा के अभाव या अभिभावकों की लापरवाही के चलते घायल संक्रमित आंख का दुष्प्रभाव दूसरे आंख पर भी पड़ने लगा। आठ वर्ष का होते-होते बालक ने अपनी दृष्टि पूरी तरह खो दी। अब बालक के लिए सूरज के प्रकाश में कोई रंग न थे। उसके लिए दुनिया अब केवल अंधेरे का एक गोला थी। परिवार एवं समाज में वह दया एवं सहानुभमति का पात्र बन गया लेकिन उसे यह निरीह जीवन स्वीकार न था। उसका अन्तर्मन उसे पढ़ने के लिए कचोटता रहता। पर तत्कालीन समय में नेत्रहीनों की शिक्षा-दीक्षा के लिए कोई विशेष संसाधन एवं व्यवस्थाएं न थी। पेरिस में एक अंध विद्यालय अवश्य था पर वहां सामान्य परिवारों के बालकों का प्रवेश हो पाना बहुत कठिन था। बालक



लुई में कुछ नया करने की लगन थी, साथ ही शिक्षा प्राप्ति का जज्बा एवं संकल्प भी। उसके निरन्तर आग्रह को स्वीकार कर पिता उसे एक परिचित पादरी के पास ले गए, जिनकी सिफारिश और मदद से लुई ब्रेल का नामांकन पेरिस के अंध विद्यालय 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड' में 1821 में हो गया। तब तक नेत्रहीनों को पढ़ाने के लिए कोई विशेष लिपि व्यवहार में नहीं थी। आधे-अधूरे प्रयासों से उपलब्ध सामग्री से उक्त विद्यालय में बच्चों को इतिहास, भूगोल एवं गणित की सामान्य जानकारी दी जाती थी। एक दिन शाही सेना का एक पदाधिकारी चार्ल्स बार्बियर, जो सैनिकों के लिए रात में भी टटोलकर पढ़ सकने वाली पठन सामग्री तैयार करने में जुटा हुआ था, उक्त विद्यालय में प्रशिक्षण हेतु आया। उन्होंने एक दिन संवाद करते हुए बताया कि अपने सैनिकों को अंधेरे में भी पढ़े जा सकने वाले गुप्त संदेशों को एक खास लिपि में अंकित कर भेजता है। उस लिपि में 12 बिंदुओं को 6-6 की दो पंक्तियों पर रखा जाता है जिसे सैनिक टटोलकर पढ़ लेते हैं। लेकिन एक बहुत बड़ी कमी थी कि उसमें विराम या गणितीय चिह्नों का अंकन सम्भव न था और चार्ल्स उसे बेहतर करने के लिए कुछ शोध कर रहा था। बालक लुइ सेनानायक चार्ल्स के काम से प्रभावित हुआ और उनकी कूट लिपि को पढ़ने-समझने के लिए पादरी की मदद से चार्ल्स से भेंट की। बातचीत के बाद बालक लुई ने लिपि में कुछ संशोधन करने के सुझाव दिये। चार्ल्स बालक के सुझावों को सुन हतप्रभ था और तुरन्त ही स्वीकार कर लिया जिससे सैनिकों तक संदेश पहुंचाना अब और सरल हो गया।

चार्ल्स बार्बियर की कूट लिपि को पढ़-समझ कर बालक लुई ब्रेल नेत्रहीनों के लिए उपयोगी एक खास लिपि को विकसित करने की साधना में जुट गया। आखिर 1829 में, आठ सालों की अनथक साधना का परिणाम एक विशेष विकसित लिपि के रूप में हुआ जिसे दुनिया ब्रेल लिपि से जानती है, जिसमें 6 उभरे बिंदुओं के आधार पर 64 अक्षर, विराम एवं गणित चिह्नों सहित संगीत के नोटेशन बनाना भी सम्भव हो गया। ब्रेल लिपि विकसित हो जाने से नेत्रहीनों के लिए पढ़ना एवं मनोभावों को अभिव्यक्त करना सहज संभव हो गया था। लेकिन ब्रेल लिपि को समाज एवं सरकार द्वारा मान्यता नहीं मिली। उसे सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाला कूट रचित अंकन ही समझा गया। लुई ब्रेल जीवन भर ब्रेल लिपि की मान्यता हेतु संघर्ष करते रहे। साथ ही लिपि के प्रचार-प्रसार में भी सतत समर्पित रहे।

विश्व को ब्रेल लिपि के रूप में अमूल्य उपहार देने वाला यह महान व्यक्तित्व 43 वर्ष की अल्पायु में ही 6 जनवरी, 1852 को लौकिक जीवन पूर्ण कर यमलोक की अनंत की यात्रा पर प्रस्थान कर गया। लुई ब्रेल की मृत्यु के 16 वर्ष बाद 1868 में फ्रांस की सरकार ने ब्रेल लिपि को मान्यता प्रदान की। धीरे-धीरे ब्रेल लिपि सम्पूर्ण विश्व प्रचलित हो गयी। भारत में भी ब्रेल लिपि के माध्यम से नेत्रहीनों के लिए पढ़ने एवं प्रशिक्षण के लिए तमाम विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। 4 जनवरी, 2009 को लुई ब्रेल के 200वें जन्मदिन के अवसर पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी कर उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वास्तव में जीवन रहते हुए वह जिस सम्मान और प्रतिष्ठा के हकदार थे वह उनको नहीं मिला लेकिन उनकी मृत्यु के बाद उनके योगदान को सिर माथे लिया गया। संपूर्ण जग उनका ऋणी है और ऋणी रहेगा।

## नजरिया

# आर्थिक विकास में नवप्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 90094 15415

जीवन है चलने का नाम, गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 37 नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो। वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है।

नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## मुद्दा

# ओवैशी क्या कानून से ऊपर है ?

आचार्य विष्णु हरि
मोबाइल : 9315206123

क्या असदुउदीन ओवैशी कानून से ऊपर है? क्या ओवैशी की भडकाऊ और विषैला भाषण सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान से परे है? सुप्रीम कोर्ट भी क्या ओवैशी के विषैले और विखंडनकारी भाषणों को शांतिप्रिय मानता है? क्या देश के लाखों बुद्धिजीवियों को ओवैशी के जहरीले भाषण परेशान नहीं करते हैं, अशांति के कारण नहीं लगते हैं, विखंडन के प्रर्याय नहीं लगते हैं? सरकारें भी ओवैशी के विखंडनकारी भाषणों पर संज्ञान क्यों नहीं लेती हैं, एफआईआर दर्ज कर उसे कानून का पाठ क्यों नहीं पढाती हैं? देश में अफवाह, अशांति और जहरीला वातावरण बनाने के लिए ओवैशी को खुला छोड़ देना क्या देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिकूल और हानिकारक नहीं है? ओवैशी को खुला छोड़ना, उसे दंडित नहीं करना और इसी प्रकार के अपराध में अन्यों को महीनों जेल में रखकर तडपाना और सड़ाना क्या समानता के अधिकार को लज्जित और शर्म से नहीं भर देता है? क्या अदालतें, सरकारें, मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग भी अल्पसंख्यकवाद के किटाणुओं से ग्रसित और प्रभावित हैं? मुस्लिम से हिन्दू बने जीतेन्द्र नारायण त्यागी और अतिनरसिम्हानंद सरस्वती सहित अनेक हिन्दू संतों को भडकाऊ भाषण देने के आरोप मे जेल में भेजा गया और महीनों रखा गया पर ओवैशी को ऐसे दर्जनों अपराधों की सजा क्यों नहीं मिल रही है? अदालतें और सरकारें ओवैशी पर मेहरबान क्यों हैं, क्या मुस्लिम होना उसके लिए रक्षा कवच है?

इस निमित असदुउदीन ओवैशी का अपराध क्या हैं, करतूत क्या है, शाब्दिक हिंसा और विषवमन क्या है? यह जानेंगे तो आपको भी आश्चर्य होगा। आश्चर्य क्यों होगा? इसलिए कि एक अनपढ और अज्ञानी नहीं बल्कि एक संसद के सदस्य के रूप में जिम्मेदार माने जाने वाले ओवैशी किस प्रकार से अपने कौम के युवकों को हिंसक बनाने, सांप्रदायिक बनाने और उन्हें एक धर्म के प्रति विषवमन करने के लिए प्रेरित करता है। वह भी कभी कभार नहीं बल्कि बार-बार ऐसा अपराध करता है। अभी-अभी उसने राममंदिर के खिलाफ विषवमन किया है, शाब्दिक हिंसा फैलायी है, वह भी अप्रत्यक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष तौर पर, इतना नहीं बल्कि उसने इसे प्रचारित और प्रसारित भी किया है। उसने सीधे तौर पर मुस्लिम युवकों को राममंदिर के खिलाफ उकसाया है,



शक्ति प्रदर्शन यानी हिंसा के लिए ललकारा है। उसने कहा कि जहां पांच सौ साल से कुरान-ए-करीम का जिक्र किया उस मस्जिद को हमने खो दिया, हमसे लूट लिया गया, हमारे मजहबी अधिकारों का हनन कर दिया गया, उसने मुस्लिम नौजवानों से कहा कि हमने मस्जिद गंवा दिया, वहां अब क्या किया जा रहा है, आप देख रहे हैं, हमारे घावों पर नमक छिडका जा रहा है, हमें पीडा पहुंचायी जा रही है, वहां किस प्रकार के काम हो रहे हैं, देश के तीन-चार अन्य मस्जिदों के प्रति साजिश चल रही है, इनको निशाना बनाने का अर्थ हमारे गर्व और ताकत को समाप्त करना है, हमारे हौसले को परस्त करना है, हमारी एकता को तोड़ना है, इन सभी पर संज्ञान लेना है, हमें ताकत का प्रदर्शन करना है, इसके अलावा अन्य हिंसक बातें भी की है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी राममंदिर पर विवाद खड़ा करना और हिंसक वातावरण बनाने के लिए सक्रिय होना और अराजकता को फैलाना अस्वीकार है, अपराध का प्रतीक है, अशांति का प्रतीक है, देश की एकता और अखंडता के विरूद्ध भी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ तौर पर कहा कि यह फैसला अंतिम है, राममंदिर से जुड़े हुए किसी भी प्रश्न को न तो सुप्रीम कोर्ट और न ही अन्य किसी कोर्ट में सुनवाई हो सकती है बल्कि कोई याचिका सुनवाई की योग्य भी नहीं मानी जायेगी। इस तरह की लक्ष्मण रेखा खीचने के लिए सुप्रीम कोर्ट क्यों प्रेरित हुई थी? इसके पीछे कारण यह था कि देश में विधर्मी और अराजक तत्वों की अति सक्रियता और दुराग्रह तथा अफवाह की करतूत। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी पुर्नविचार याचिकाएं खूब दायर होती रहती हैं, उसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न घुसा दिए जाते हैं और अफवाह खडा कर दिया जाता है कि इस बिन्दु पर गौर ही नहीं किया गया, अगर इस बिन्दु पर गौर किया गया होता तो सुर्प्रीम कोर्ट का फैसला कुछ और ही होता? इस प्रकार सुप्रीम कोर्ट का समय जाया होता है। इसके अलावा यह प्रसंग आगे भी जारी रहता और फिर कभी भी अंतिम फैसला नहीं होता। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा खींची थी। इसके बावजूद कुछ याचिकाएं पहुंच गयी थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी और अप्रत्यक्ष चेतावनी देकर खारीच कर दी थी। परम्परा और अनिवार्यता यह है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अंतिम मान लिया जाता है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विवाद खड़ा करना और इस पर टीका-टिप्पणी करना अवमानना का अपराध माना जाता है।

जिस तरह से बाबरी मस्जिद को लेकर ओवैशी प्रश्न खडा कर रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं, शाब्दिक हिंसा फैला रहे हैं, मुस्लिम युवकों को हिंसा करने के लिए उकसा रहे हैं उसका प्रतिकूल असर पडेगा। क्रिया के विपरीत प्रतिक्रिया भी हो सकती है। सोशल मीडिया में इस पर प्रतिक्रियाएं भी खूब हो रही है, ओवैशी को सबक सिखाने की बात हो रही है, कहा यह जा रहा है कि ओवैशी कानून और सुप्रीम कोर्ट से ऊपर है क्या? उस पर नकेल नहीं डाला गया तो उसकी प्रतिक्रिया भी भयानक होगी। इसी तरह की प्रतिक्रियाएं भी विर्षली हो सकती है। प्रश्न यह भी खड़ा किया जा रहा है कि मंदिर के बगल में ही मस्जिद क्यों और किस लिए खड़ी की गयी है, विश्वनाथ मंदिर और भगवान कृष्ण की जन्म भूमि को लेकर पहले से ही प्रसंग गर्म है। निषाद राज के किले में मस्जिद खडी कर दी गयी। इसके कारण पूरी निषाद जाति खिलाफ में खडी है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने साफ तौर पर कहा है कि निषाद राज के किले से मस्जिद हटायी जानी चाहिए, नहीं तो इसके दुष्प्ररिणाम भयानक होगे। ऐसे अनेक प्रसंग है। फिर ओवैशी जैसे लोग हिन्दू-मुस्लिमों में खाई ही पैदा कर रहे हैं और गृह युद्ध की स्थिति पैदा कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और सरकारों को ओवैशी के भडकाऊ, शाब्दिक हिंसा से प्रेरित भाषणों पर रोक लगाने की जरूरत है। कानून सबके लिए एक समान है। इसलिए ओवैशी को भी कानून का पालन करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। आज न कल ओवैशी के ऐसे भाषणों पर संज्ञान की जरूरत पडेगी ही, नहीं तो देश में अशांति फैलेगी, दंगे होंगे, सांप्रदायिक हिंसा होगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# केजरीवाल हों या हेमंत सोरेन, हर 'भ्रष्ट नेता' को सजा मिलेगी: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को बार-बार नजरअंदाज करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बुधवार को आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हर 'भ्रष्ट नेता' को उनके गलत कामों के लिए 'दंडित' किया जाएगा।

पार्टी ने यह भी सवाल किया कि अगर केजरीवाल को लगता है कि उनके खिलाफ कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है तो उन्होंने अदालतों का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, वे दिन गए जब भ्रष्ट नेता देश के ईमानदार नागरिकों पर शासन करते थे। भ्रष्ट नेताओं के लिए एकमात्र जगह सलाखों के पीछे है और यह हमारा दृढ़ संकल्प है कि हर भ्रष्ट नेता को कानून के अनुसार दंडित किया जाए।

भाजपा नेता ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने और बिना किसी पूर्वाग्रह के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने की 'खुली छूट' दी गई है।

भाटिया ने कहा कि नेताओं को 'अपने कुकर्मों और भ्रष्टाचार' के परिणामों का सामना करना पड़ेगा, चाहे वह केजरीवाल हों, सोरेन हों या कोई और। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया, इस तरह के नाटकों से मदद नहीं मिलेगी क्योंकि केजरीवाल जानते हैं कि हथकड़ी उनके करीब आ रही है। उन्होंने कहा कि 'कानून की शक्ति' और लोगों का विश्वास केंद्रीय जांच एजेंसियों के साथ है।

भाजपा की यह प्रतिक्रिया तब आई है जब केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी की ओर से जारी तीसरे समन पर भी पेश नहीं हुए और लिखित जवाब भेजकर नोटिस को 'अवैध' करार दिया। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाटिया ने कहा, कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल डर से कांप रहे हैं और ईडी के समन को नजरअंदाज करने के लिए एक के बाद एक बहाने बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह कहना गलत नहीं होगा कि केजरीवाल आज डरे हुए हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उनकी गिरफ्तारी होने वाली है। वह जानते हैं कि वह सरगना हैं और उनके पास (ईडी के सवालों का) कोई जवाब नहीं है। यही कारण है कि वह कानून की प्रक्रिया से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ होगा कि किसी ने किसी जांच एजेंसी को अपना समन वापस लेने का 'आदेश' दिया हो। उन्होंने कहा, लेकिन भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल ने ईडी से अपना समन वापस लेने को कहा। अरविंद केजरीवाल जी, आप कानून से ऊपर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह जांच एजेंसियों का अधिकार है कि वे 'सबूतों के अनुसार' भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करें। भाटिया ने कहा कि अगर केजरीवाल को लगता है कि ईडी ने उन्हें कथित राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से समन जारी किया है तो उन्हें राहत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर ईडी का समन राजनीति से प्रेरित है तो उन्होंने अब तक अदालत का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया? वह (अदालत जाने का) साहस नहीं जुटा पा रहे हैं क्योंकि वह सच्चाई जानते हैं कि वह शराब घोटाले के सरगना हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह सिर्फ उनकी कठपुतली हैं।

भाटिया ने आरोप लगाया कि कभी भारत से भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करने वाले केजरीवाल खुद राजनीति में 'भ्रष्ट दीमक' बन गए हैं और उन्हें गलतफहमी है कि वह कानून से ऊपर हैं। उन्होंने आरोप लगाया, अरविंद केजरीवाल, आपको छल, भ्रष्टाचार, दुष्प्रचार करने में महारत हासिल है और यह आपका पर्याय बन गया है।

आम आदमी पार्टी के इस आरोप पर कि भाजपा नीत केंद्र सरकार केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश रच रही है, भाटिया ने कहा कि जांच एजेंसियां ईमानदारी से भ्रष्टाचारियों को चील की तरह पकड़ रही हैं और उनसे लोगों की गाढ़ी कमाई का ब्योरा मांग रही हैं। उन्होंने आप के राष्ट्रीय संयोजक से 'सच सामने आने देने' को कहा।

भाटिया ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी दलों की 'चुप्पी' पर सवाल उठाते हुए 'इंडिया' गठबंधन पर भी निशाना साधा। झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सोरेन भी धनशोधन के एक मामले में ईडी द्वारा जारी सात समन में पेश नहीं हुए।

# अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 34,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर

वॉशिंगटन। अमेरिका में संघीय सरकार का कुल राष्ट्रीय कर्ज 34,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। कर्ज के इस स्तर से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में सरकार को देश के बही-खाते को सुधारने के लिए राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर कई चुनौतियों से जूझना पड़ेगा। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को देश की वित्तीय स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है। यह राजनीतिक रूप से बंटे देश के लिए तनाव पैदा करने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, बिना वार्षिक बजट के सरकार के कामकाज के कुछ हिस्सा ठप हो सकता है। रिपब्लिकन सांसदों और व्हाइट हाउस ने पिछले साल जून में देश की ऋण सीमा को अस्थाई रूप से हटाने पर सहमति व्यक्त की थी, जिससे ऐतिहासिक चूक या 'डिफॉल्ट' का जोखिम टल गया था। यह समझौता जनवरी, 2025 तक चलेगा।

अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज कहीं अधिक तेजी से बढ़ा है। कांग्रेस के बजट कार्यालय ने जनवरी, 2020 में वित्त वर्ष 2028-29 में सकल संघीय ऋण 34,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान लगाया था। लेकिन 2020 में शुरू हुई कोविड महामारी की वजह से कर्ज इस स्तर पर अनुमान से कई साल पहले पहुंच गया है। राष्ट्रीय कर्ज का फिलहाल अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कोई बोझ नहीं दिख रहा है, क्योंकि निवेशक संघीय सरकार को कर्ज देने को तैयार हैं। यह कर्ज सरकार को कर बढ़ाए बिना कार्यक्रमों पर खर्च जारी रखने की अनुमति देता है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि आने वाले दशकों में कर्ज का यह रास्ता राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई बड़े कार्यक्रमों को जोखिम में डाल सकता है।

# राजतिलक की प्रतीक्षा करते-करते व्यक्ति वनवास में चला जाता है : चौहान

भोपाल/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कभी-कभी व्यक्ति 'राजतिलक' की प्रतीक्षा करते-करते वनवास में चला जाता है।

नवंबर 2023 में हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत के बाद पार्टी ने चौहान की जगह मोहन यादव को मुख्यमंत्री चुना। चौहान चार बार राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

चौहान मंगलवार शाम अपनी बुधनी विधानसभा सीट के अंतर्गत शाहगंज शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भावुक हो गए और कहा कि वह लोगों खासकर अपनी बहनों के बीच बने रहेंगे।

इस दौरान दर्शकों में बैठीं कुछ महिलाओं ने कहा, भैया हमें अकेला छोड़कर कहीं मत जाओ''। इस पर चौहान ने कहा, मैं कहीं नहीं जाऊंगा। मैं यहीं जिऊंगा और यहीं मरूंगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए सभी कार्यों को वर्तमान सरकार पूरा करेगी, जिनमें लाडली बहना योजना (महिला कल्याण के लिए), लाडली बहना योजना के लाभार्थियों के लिए आवास योजना, प्रत्येक परिवार में एक नौकरी की योजना और किसानों से किए गए वादे शामिल हैं।

चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, नई सरकार इन सभी कार्यों को आगे बढ़ाएगी। कहीं न कहीं कोई बड़ा उद्देश्य होगा, कभी-कभी जब तक 'राजतिलक' का समय आता है, व्यक्ति वनवास में भी चला जाता है। लेकिन यह सब, किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार इन सभी योजनाओं को लागू करेगी क्योंकि राज्य में कांग्रेस की नहीं बल्कि भाजपा की सरकार है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दर्शकों में शामिल बच्चे ''मामा'' (चौहान ''मामा'' के संबोधन से लोकप्रिय हैं) के प्रति अपना प्यार दिखाने आए थे। इससे पहले शाहगंज पहुंचने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने चौहान का स्वागत किया। चौहान ने बुधनी विधानसभा सीट से अपने कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी विक्रम मस्तल पर 1.04 लाख से अधिक मतों के अंतर से चुनाव जीता। नवंबर 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 230 सीटों में से 163 सीटें हासिल कर शानदार जीत दर्ज की और राज्य में सत्ता बरकरार रखी।

# जापान में विमानों की टक्कर: परिवहन अधिकारियों, पुलिस ने अलग अलग जांच शुरू की

टोक्यो। जापान की राजधानी में हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर एक यात्री विमान और तटरक्षक बल के एक विमान के बीच हुई टक्कर के एक दिन बाद बुधवार को परिवहन अधिकारियों और पुलिस ने अलग अलग जांच शुरू कर दी। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी। टक्कर मंगलवार शाम को तब हुई जब जेएएल विमान हानेडा के चार रनवे में से एक पर उतरा जहां तटरक्षक विमान उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। दोनों पक्षों ने कहा है कि उन्हें विमानन अधिकारियों से आगे बढ़ने की अनुमति मिल गई थी।

टक्कर के बाद विमानों में आग लग गई और जापान एअरलाइंस की उड़ान जेएएल-516 में सवार सभी 379 लोगों को विमान के आग की लपटों में घिरने से पहले सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तटरक्षक के बॉम्बार्डियर डैश-8 विमान का पायलट तो बच गया लेकिन चालक दल के पांच अन्य सदस्यों की मौत हो गई। परिवहन सुरक्षा अधिकारी हवाई यातायात नियंत्रण अफसरों तथा विमानों के पायलटों के बीच हुई बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि विमानों के टकराने की वजह क्या थी।




# धोखे, झूठ और रहस्यों की झलक दिखाता है 'किलर सूप' का ट्रेलर

मुंबई/एजेन्सी

मनोज बाजपेयी और कोंकणा सेन शर्मा की आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'किलर सूप' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस दमदार ट्रेलर में एक महत्वाकांक्षी शेफ स्वाति शेट्टी की कहानी है, जो चाहती है कि दुनिया उसके पाया सूप का आनंद ले। इसमें सस्पेंस के साथ डार्क कॉमेडी की भी झलक है। 'किलर सूप' में मनोज बाजपेयी दोहरी भूमिकाओं में हैं, इसमें कोंकणा सेन शर्मा, नासिर, सयाजी शिंदे, लाल, अंबुथासन, अनुला नावलेकर और कानी कुसरुति ने भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी के किरदार के घायल होने और 'तू ही रे' गाने से होती है, जैसे ही ट्रेलर में घटनाएं सामने आती हैं।

कोंकणा द्वारा अभिनीत स्वाति, हत्या करने और अपने पति की जगह उसके प्रेमी को लेने की योजना बनाती है, जो बिल्कुल वैसा ही दिखता है। इसके बाद कॉमेडी, रोमांच और हाई-वोल्टेज ड्रामा का कॉकटेल है। सीरीज के बारे में बात करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा, मेरे करियर में पहली बार मैं दोहरी भूमिका निभाऊंगा, दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। मैंने अभिषेक चौबे की निर्देशन क्षमता और एक शानदार कलाकार पर भरोसा किया, जिन्होंने किसी भी अन्य फिल्म के विपरीत पात्रों में जान फूंक दी। 'किलर सूप' एक क्राइम थ्रिलर है।'' कोंकणा सेन शर्मा ने कहा, स्वाति शेट्टी के किरदार में कदम रखना मेरे लिए एक अनोखा अनुभव था क्योंकि किरदार में गहराई, अंधेरा और बहुत सारे पंच हैं। अभिषेक चौबे और प्रतिभाशाली अभिनेताओं के समूह के साथ सीरीज पर काम करना एक खुशी की बात थी। ट्रेलर उस विचित्र दुनिया की झलक पेश करता है।'' चेतना कौशिक और हनी त्रेहन द्वारा निर्मित, 'किलर सूप' 11 जनवरी, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# 'जॉली एलएलबी- 3' में आमने-सामने होंगे अक्षय कुमार और अरशद वारसी

मुंबई/एजेन्सी

'बच्चन पांडे' में स्क्रीन शेयर करने वाले बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी 'जॉली एलएलबी' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म में एक साथ नजर आएंगे। फिल्म के पहले दो पार्ट हिट रहे हैं। इस बार फिल्म में दोनों कलाकार कानूनी लड़ाई में आमने-सामने होंगे। एक विश्वसनीय सूत्र ने साझा किया है कि फिल्म की शूटिंग मई 2024 में शुरू होने वाली है। सूत्र ने कहा, निर्देशक सुभाष कपूर ने 'जॉली एलएलबी' की तीसरी किस्त के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार मुकाबला अक्षय बनाम अरशद होने जा रहा है। सुभाष ने एक ऐसे विषय को सुलझाया है, जो दोनों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करता है। शूटिंग मई 2024 में शुरू होगी।

फिल्म का निर्माण डिज्नी और केप ऑफ गुड फिल्म्स कर रही है। प्रशंसकों ने पिछले भागों में दोनों जॉली को पसंद किया है, जबकि जगदीश त्यागी के रूप में अरशद को बहुत प्यार और प्रशंसा मिली, वहीं जगदीश मिश्रा के रूप में अक्षय को भी प्रशंसकों ने सराहा। इस प्रोजेक्ट के अलावा अरशद और अक्षय 'वेलकम टू द जंगल' पर भी साथ काम कर रहे हैं, जो 2024 में रिलीज होगी।




# फिल्म 'कलयुग के राम' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

देसी लोटा इंटरटेनमेंट एवं आरवीएस फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म कलयुग के राम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कलयुग के राम का ट्रेलर वेब म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में चंदन सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में नज़र आ रहे हैं। वह इस फिल्म में कलयुग के राम की भूमिका निभाते नज़र आ रहे हैं और उनके अपोजिट फिल्म में श्यामली श्रीवास्तव नज़र आ रही हैं, जिनका किरदार चंदन सिंह राजपूत की पत्नी का है। फिल्म में देव सिंह नकारात्मक किरदार में नज़र आ रहे हैं। इस फिल्म को लेकर चंदन सिंह राजपूत ने बताया कि फिल्म की कहानी ने मुझे खूब प्रभावित किया, इस वजह से मैं इस फिल्म को करना चाहता था और आज फाइनली हमारी फिल्म कलयुग के राम का ट्रेलर आ गया है। उन्होंने कहा कि दर्शक हमारी फिल्म के ट्रेलर को जरूर देखें और जब यह फिल्म रिलीज हो तब जाकर हमारी फिल्म को भी देखें।

उन्होंने कहा कि फिल्म के लिए मैंने बेहद मेहनत की है। फिल्म में सभी कलाकारों ने शानदार काम किया है। फिल्म के गाने और संवाद भी कर्ण प्रिय है और सुजीत वर्मा के निर्देशन में इस फिल्म की मेकिंग बड़े पैमाने पर की गयी है. उनके साथ काम करने का अनुभव अलग रहा और फिल्म बहुत कुछ सिखने को भी मिला।


फिल्म कलयुग के राम के निर्माता राम विनय सिंह और राकेश तिवारी हैं। निर्देशक सुजीत वर्मा हैं। कथा पटकथा – सुजीत वर्मा, शशि रंजन द्विवेदी ,गीतकार डॉ. सागर, आशुतोष तिवारी है। फिल्म के डीओपी इमरान हैं। संगीतकार साजन मिश्रा हैं। फिल्म में श्यामली श्रीवास्तव, चंदन सिंह राजपूत ,किरण यादव, देव सिंह ,बुल्लू कुमार , दीपक सिंह, सतीश वर्मा ,अजीत सिंह मुखिया, रितेश कुमार सिंह, आशुतोष पांडे ,अर्णव, राम विनय सिंह, दिलीप बर्मा मुख्य भूमिका में हैं।




# फिल्म 'कस्मे वादे' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री रक्षा गुप्ता की आने वाली फिल्म कस्मे वादे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म कस्मेवादे का ऑफिसियल ट्रेलर डी आर जे रिकार्ड्स के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।श्री दुर्गा इंटरटेमेन्ट के बैनर तले बनी फ़िल्म कस्मेवादे के निर्माता जीतेन्द्र तिवारी हैं वही फ़िल्म के निर्देशक अरविन्द चौबे है। उन्होंने कहा कि आज इस साल के शुरूआत में ही हमारी फ़िल्म का ट्रेलर रिलीज होना मेरे और टीम के लिए शुभ संकेत है। यह फ़िल्म पूरी तरह कर्सियल बेस की फ़िल्म है, और पूरी तरह मनोरंजक है, जिसे जल्द ही सिनेमा घरो में रिलीज किया जायेगा। फ़िल्म कस्मेवादे के मुख्य कलाकार अरविन्द अकेला कल्लू, रक्षा गुप्ता,डिम्पल सिंह,विनीत विशाल, सोनिया मिश्रा, नीरज यादव, आलोक सिंह,अनूप लोटा तिवारी,जय प्रकश सिंह हैं।फ़िल्म के लेखक सलिल सुधाकर जबकि संगीतकार ओम झा,अभिनाश झा घुँघरू, आर्या शर्मा, डांस सोनू प्रीतम,एक्शन दिनेश यादव,प्रोडक्शन हेड जे यश तिवारी, कार्यकारी निर्माता बबिता हैं।



# राजा दशरथ का किरदार निभाना बहुत बड़ी जिम्मेवारी : आरव चौधरी

मुंबई/वार्ता

जानेमाने अभिनेता आरव चौधरी का कहना है कि सीरियल श्रीमद रामायण में ' राजा दशरथ' की भूमिका निभाना बहुत बड़ी जिम्मेवारी है और वह अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें राजा दशरथ के चरित्र को निभाने का अवसर मिला है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल 'श्रीमद रामायण' में आरव चौधरी ने राजा दशरथ की भूमिका निभायी है। 'श्रीमद रामायण' का आगामी एपिसोड, भगवान राम के दिव्य जन्म को प्रस्तुत करने के लिए तैयार है, जिन्हें प्यार से राम लला कहा जाता है।आरव चौधरी ने कहा, राजा दशरथ का किरदार निभाना एक बड़ी जिम्मेदारी है, और मैं इस महाकाव्य में इस महत्वपूर्ण चरित्र को निभाने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। भगवान राम के पिता की भूमिका सौंपा जाना एक सम्मान की बात है जो मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रखेगा। मुझे आशा है कि मैं इस भूमिका के साथ न्याय कर पाऊंगा और उस महान गौरव और संतुष्टि को जीवंत कर सकता हूं जो राजा दशरथ ने अपने सबसे बड़े बेटे राम लला के आगमन पर महसूस की थी। सेट पर इस दिव्य क्षण की शूटिंग ने मुझे अपने बच्चे के जन्म की याद दिला दी; किसी भी माता-पिता के लिए – अपने बच्चे को पहली बार गोद में लेना एक जादुई क्षण होता है।



# 'ऊल जुलूल इश्क' में नजर आएंगे विजय वर्मा, फातिमा सना

मुंबई/भाषा

फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के फिल्म प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'ऊल जुलूल इश्क' में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सन शेख और शारिब हाशमी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन विभु पुरी करेंगे जो 2015 में आई फिल्म 'हवाईजादा' के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म से गीतकार-संगीतकार की जोड़ी यानी गुलजार और विशाल भारद्वाज की भी वापसी हो रही है जो इसका संगीत तैयार करेंगे। स्टेज 5 प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म 'बन टिक्की' और 'ट्रेन फ्रॉम छपरौला' के बाद ऊल जुलूल इश्क' मल्होत्रा की तीसरी फिल्म है।

मल्होत्रा ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर लिखा,'बेवकूफियां, नादान गलतियां, बड़ी भूल है इश्क, सच पूछिए तो मेरे हुजूर ऊल जलूल है इश्क। मुझे स्टेज 5 प्रोडक्शन की तीसरी फिल्म की घोषणा करते हुए प्रसन्न हो रही है।' मल्होत्रा ने सितंबर 2023 में अपने प्रोडक्शन हाउस को शुरू करने की घोषणा की थी। स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत पहली फिल्म टिस्का चोपड़ा की 'ट्रेन फ्रॉम छपरौला' है जिसमें राधिका आप्टे और दिव्येंदु ने अभिनय किया है। वहीं दूसरी फिल्म फराज आरिफ अंसारी द्वारा निर्देशित 'बन टिक्की' है जिसमें शबाना आजमी, जीनत अमान और अभय देओल हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो के राजाजीनगर स्थित कार्यालय में जीतो बेंगलूरु नार्थ की महिला विंग द्वारा आयोजित व्यवसायिक रेफरल सभा के मौके पर अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने कहा कि वैसे तो महिलाओं पर घर परिवार को संभालने की जिम्मेदारी ज्यादा होती है परंतु जबसे महिलाओं ने सामाजिक व व्यवसायिक क्षेत्र में कदम बढ़ाये है।



# बेगूर में कृत्रिम पैर वितरण शिविर में 42 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक मारवाडी यूथ फेडरेशन द्वारा शहर के बेगूर इलाके में पूर्व विधायक स्व. महादेव प्रसाद की स्मृति में कृत्रिम पैर शिविर का आयोजन किया गया। फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर से करीब 42 मरीज लाभान्वित हुए।

शिविर के प्रायोजक बेगूर के विधायक गणेश प्रसाद ने केएमवाईएफ द्वारा संचालित कृत्रिम पैर, डायलेसिस, शिक्षा आदि योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि फेडरेशन को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लेते हुए इन योजनाओं को शीघ्र ही इस क्षेत्र में भी निशुल्क संचालित करने का आग्रह किया एवं फेडरेशन की सहायता समय समय पर लेने की घोषणा की। फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रशान्त सिंघी ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति व सहयोग रहा। फेडरेशन के मंत्री रणजीत मेहता, योजना के सदस्य आलोक मेहता, आदेश पिरगल ने इस शिविर की व्यवस्था संभाली।

## एनएफबी का विश्व ब्रेल दिवस व वार्षिक समारोह आज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड(एनएफबी) कर्नाटक के तत्वावधान में गुरुवार को महारानी कालेज स्थित कोंडज्ञा बासप्पा आडिटोरियम में 215 विश्व ब्रेल दिवस तथा एनएफबी का 19वाँ वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया है। संस्था के महासचिव गौतम अग्रवाल ने बताया कि दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राज्य के युवा मामलों एवं खेल मंत्री बी. नागेन्द्रा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पूरे दिन भर चलने वाले समारोह में विविध कार्यक्रम होंगे।

## एनएसआईएल जीसेट-20 उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट का इस्तेमाल करेगा

बेंगलूरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की व्यावसायिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने अपने संचार उपग्रह जीसेट-20 को साल 2024 की दूसरी तिमाही में एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से प्रक्षेपित करने की घोषणा की है। देश की ब्रॉडबैंड संचार जरूरतों को पूरा करने के लिए यह उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। जीसेट-20 एक केए-बैंड उपग्रह है जो हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल वीडियो तथा ऑडियो ट्रांसमिशन प्रदान करता है। सरकार के स्वामित्व वाली एनएसआईएल ने एक बयान में कहा कि जीसेट-20 उपग्रह पर भारतीय सेवा प्रदाताओं ने 'हाई थ्रोपुट सेटेलाइट' (एचटीएस) क्षमता सुनिश्चित कर ली है। बयान के अनुसार, एनएसआईएल इसरो के माध्यम से जीसेट-20 उपग्रह को मूर्त रूप दे रहा है और इसे एनएसआईएल तथा स्पेसएक्स, अमेरिका के बीच प्रक्षेपण सेवा अनुबंधन के तहत फाल्कन-9 प्रक्षेपास्त्र से भेजा जाएगा। जीसेट-20 का वजन 4,700 किलोग्राम है और यह करीब 48 जीबीपीएस की एचटीएस क्षमता वाला है।''



# प्रगतिशील आँकड़े सामूहिक उपलब्धियों को दर्शाते हैं : बिंदु रायसोनी

## जीतो महिला वी-कनेक्ट की बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो के राजाजीनगर स्थित कार्यालय में जीतो बेंगलूरु नार्थ की महिला विंग द्वारा आयोजित व्यवसायिक रेफरल सभा के मौके पर अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने कहा कि वैसे तो महिलाओं पर घर परिवार को संभालने की जिम्मेदारी ज्यादा होती है परंतु जबसे महिलाओं ने सामाजिक व व्यवसायिक क्षेत्र में कदम बढ़ाये है, वहां भी उपलब्धियों ने उनके कदम चूमें है। आज महिलाओं द्वारा संचालित व्यवसायों में प्रगतिशील ग्राफ या आँकड़े महिलाओं की सामूहिक उपलब्धियों को दर्शा रहे है। आने वाले दिनों में महिलायें व्यवसायिक रूप से अपनी छाप छोड़ेंगी।

बैठक का नेतृत्व वी कनेक्ट अध्यक्ष सुष्मिता सेठिया, उपाध्यक्ष भाविका कोठारी व सचिव तनुजा मेहता ने किया। बैठक में शिक्षा स्लॉट के अन्तर्गत मीनाक्षी जैन ने ऐसी व्यवसायिक बैठकों की आवश्यकता तथा बैठकों के लाभ को विस्तारपूर्वक बताया।

बैठक में उपस्थित 30 सदस्यों ने विस्तार से अपना व्यवसायिक परिचय दिया। बैठक में 78 रेफ़रलो के माध्यम से लाखों रुपयों के व्यवसायिक समझौते हुए। नॉर्थ के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार मोना आँचलिया को मासिक सितारा, मीना जैन को सर्वाधिक वन टू वन, पूर्वी जसानी को 30 सेकेंड की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति व काजोल जैन को बेस्ट ड्रेस्ड के लिये सम्मानित किया गया। सारिका गिरिया ने 8 मिनट की शानदार व्यवसायिक प्रस्तुति दी। बैठक में जीतो नॉर्थ महिला विंग उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, महामंत्री सुमन वेदमुथा इत्यादि भी मौजूद थे। बैठक में मीनू जैन के यहां अगले कार्यालय दर्शन की घोषणा की गई और सदस्यों के साथ खुली नेटवर्किंग व समूह के भीतर उपयोगी व्यावसायिक संबंधों को पोषित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

### सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



अभातेयुप के निर्देशन में तेयुप विजयनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी सेवा केंद्र के विस्तारीकरण में तेयुप विजयनगर प्रबंधन मंडल के पदाधिकारियों के सहयोग से नूतन पेशेंट बेड उपलब्ध कराया गया जिसका लोकार्पण अभातेयुप अध्यक्ष रमेश डागा ने किया। ज्ञातव्य है कि परिषद द्वारा संचालित मानव सेवा के आयाम में जरूरतमंदों को पेशेंट बेड, व्हीलचेयर, वार्किंग स्टैंड, स्टिक, ऑक्सीजन कंटेनर्स उपलब्ध करवाए जाते है। इस मौके पर अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत, परामर्शक विमल कटारिया, तेयुप विजयनगर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश मरोठी, अमित दक, अध्यक्ष राकेश पोखरणा, उपाध्यक्ष विकास बांठिया, मंत्री कमलेश चोपड़ा आदि उपस्थित थे।

### खेल प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के स्नेह जीवी गलियारा बलगा संस्था द्वारा एमसी लेआउट स्थित श्री बालगंगाधरनाथस्वामी खेल मैदान में प्रियाकृष्णा कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। आयोजको ने मुणोत का सम्मान भी किया।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम के अंतर्गत निःशुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप परीक्षण शिविर का आयोजन लक्ष्मीनारायणपुरम, नागप्पा ब्लॉक सब्जी मार्केट में आयोजित किया गया जिसमें 55 लोग लाभान्वित हुए। तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना, राजेश देरासरिया, कमलेश चौरडिया, हरीश पोरवाड़ एवं अजिंक्या चौधरी ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री कुलेबा के बीच चर्चा

नई दिल्ली/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को अपने यूक्रेन के समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तौर-तरीकों पर उपयोगी बातचीत की और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

जयशंकर के हाल ही में रूस के पांच दिवसीय दौरे के कुछ दिन बाद दोनों नेताओं की बीच फोन पर यह बातचीत हुई।

विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर कहा, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ आज एक उपयोगी बातचीत। आने वाले वर्ष में हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, कुलेबा ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष को शांति के फॉर्मूले और नेताओं के वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन के लिए यूक्रेन की योजना से अवगत कराया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने अपने समकक्ष को रूस के आतंक में हाल ही में हुए इजाफे और बड़े पैमाने पर हवाई हमलों के बारे में सूचित किया, जिससे नागरिकों को पीड़ा हुई और जानमाल का नुकसान हुआ।



# अयोध्या में लता मंगेशकर चौक बना नया सेल्फी केंद्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अयोध्या/भाषा। उत्तर प्रदेश की अयोध्या नगरी में मशहूर गायिका लता मंगेशकर को समर्पित चौक स्थानीय निवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस चौक पर लोग उत्साह के साथ सेल्फी ले रहे हैं।

कला में लोगों को अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है और इस चौराहे के केंद्र में स्थापित 14 टन वजनी एक विशाल अलंकृत वीणा की प्रतिकृति अपना यह काम बखूबी कर रही है।

अधिकारियों ने पहले बताया था कि 40 फुट लंबी और 12 मीटर ऊंची इस प्रतिकृति को प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है। इसे करीब 7.9 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनाया गया है। लता मंगेशकर चौक राम पथ और धर्म पथ के चौराहे पर स्थित है। राम मंदिर के आगामी अभिषेक समारोह से पहले दोनों पथों को सुंदर प्रकाशमान स्तंभों के साथ खूबसूरती से सजाया गया है।

अयोध्या और पड़ोसी जिलों से सैकड़ों लोग 31 दिसंबर की रात को नववर्ष का जश्न मनाने के लिए लता मंगेशकर चौक पर एकत्र हुए थे।

चौक पर सेल्फी लेने के लिए लोगों ने रविवार रात 10 बजे से ही चौक पर आना शुरू कर दिया था।

स्थानीय लोग इस सार्वजनिक स्थान के अचानक लोकप्रिय होने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या में 30 दिसंबर को हुए रोड शो को देते हैं। इस दौरान वह लता मंगेशकर चौक पर रुके थे और तस्वीर खिंचवाई थीं।

प्रधानमंत्री की यहां की यात्रा से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चौक पर एक सेल्फी ली थी।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर चौक पर अपनी पत्नी साधना के साथ पहुंचे स्थानीय निवासी अखिलेश पांडेय ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम नववर्ष के अवसर पर लखनऊ जाते थे या फिर घर में रहते थे। लेकिन अब हमारे शहर का विकास हुआ है और यहां पर इस तरह के स्थान हैं। अब पास के शहरों और कस्बों से भी लोग जश्न मनाने के लिए आ रहे हैं।

साधना ने बताया कि लता मंगेशकर चौक के आकर्षण का मुख्य केंद्र वीणा की प्रतिकृति है जो बहुत ही सुंदर है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवंगत गायिका लता मंगेशकर की 93वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए नया घाट के पास इस चौक का निर्माण कराया। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने 28 दिसंबर 2022 को वर्चुअल तरीके से किया था।

# शिकायतों पर कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे : डी के शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। यहां केआर पुरा में जन शिकायत निवारण बैठक 'सरकार आपके द्वार' में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'यह सिर्फ डीके शिवकुमार नहीं हैं जो यहां आए हैं, विभिन्न विभागों के सभी अधिकारी आपके दरवाजे पर हैं।'

उन्होंने कहा कि केआर पुरा और महादेवपुरा के लोगों ने मुझे अपनी अपील दी है। एक दिन में सभी मुद्दों का समाधान करना संभव नहीं है। पेयजल, सड़क और सीवरेज और सफाई को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि गारंटी योजनाओं और पेंशन से संबंधित कई शिकायतें हैं। कई महिलाओं ने गृहलक्ष्मी के लिए अपने पतियों के फोन नंबर दिए हैं। मैंने अधिकारियों से इस पर गौर करने को कहा है।

दोनों विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों ने कई मुद्दे उठाए हैं. उन्होंने कहा कि पेयजल के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और बाकी को चरणों में उठाया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि शिकायतों का समाधान कब होगा, उन्होंने कहा, सभी मुद्दों को एक दिन में हल नहीं किया जा सकता है, इसमें समय लगता है।

पेंशन और अन्य व्यक्तिगत अपीलों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा और बाकी को बाद में लिया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में राशन कार्ड जारी करने के लिए रिश्वत लेने की कुछ शिकायतें हैं। मैंने अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com